

# हरिभूमि रायपुर भूमि

## प्राकृतिक बहाव से खारुन में भरपूर पानी, एनीकट 30 इंच ओवरफ्लो, गंगरेल से रॉ वाटर लेना बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मानसून सीजन की हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के बाद अंचल की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से भरपूर पानी आने से नगर निगम का एनीकट 30 इंच ओवरफ्लो चल रहा है। इसे देखते हुए निगम के जल विभाग ने सिंचाई विभाग को इससे अवगत कराते हुए गंगरेल डेम से रॉ वाटर लेना बंद कर दिया है। यानी शहर की प्यास बुझाने अब आने वाले 3 माह तक नगर निगम को गंगरेल डेम से रॉ वाटर की जरूरत नहीं पड़ेगी। अभी तक शहरवासियों की प्यास बुझाने नगर निगम को गंगरेल डेम से रॉ वाटर खरीदकर पेयजल की आपूर्ति करनी पड़ रही थी। खारुन में नेचुरल फ्लो आने से अब शहर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- *3 माह तक नगर निगम का जल विभाग बेफ्रिक*
- *सिंचाई विभाग से डेम का पानी खरीदने की नहीं पड़ेगी जरूरत*
- *पानी में मटमैलापन ज्यादा, शुद्धिकरण के लिए रोज 3 गुना ज्यादा खप रहा एलम*



### *पानी में मटमैला ज्यादा शुद्ध करने बढ़ाया एलम का डोज*

*बारिश के सीजन में खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाले पानी में अशुद्धियां ज्यादा है, इसके कारण पानी में मटमैलापन दूर करने और उसे पीने लायक बनाने की जल शुद्धिकरण प्रक्रिया में एलम का डोज तीन गुना ज्यादा बढ़ाना पड़ा है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी और जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र का कहना है कि बारिश से पूर्व जल शुद्धिकरण के दौरान जहां प्रतिदिन 4 से 5 टन एलम का डोज लगता था, अब उसकी मात्रा* ▶▶|शेष पेज 13 पर

सुझाव संबंधित लिंक एक्टिव, एक माह का दिया गया समय

## पीएससी के पाठ्यक्रम में होगा बदलाव, अभ्यर्थी दे सकेंगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर




छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव किया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विशेष बात यह है कि इस बार पीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी भी अपने सुझाव दे सकेंगे। इसके लिए छग लोक सेवा आयोग ने विशेष लिंक जनरेट किया है। इस लिंक के माध्यम से अभ्यर्थी वे बदलाव पीएससी से साझा कर सकेंगे, जो वे आगामी परीक्षा में चाहते हैं। हालांकि इसके लिए अभ्यर्थियों को पहले पीएससी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जो पहले से ही रजिस्टर हैं, वे अपनी पुरानी आईडी का ही इस्तेमाल कर सुझाव दे सकेंगे। पीएससी ने सुझाव देने अथवा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मौजूदा वर्ष में लागू नहीं

पीएससी द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा के लिए आवेदन संविधान दिवस अर्थात 26 नवंबर को जारी करने की परंपरा रही है। कैंडिडेट्स विज्ञापन जारी होने के पूर्व ही तैयारी प्रारंभ कर देते हैं। वर्तमान में तैयारियों में जुटे अभ्यर्थी पुराने सिलेबस से ही तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में संशोधन पीएससी-2026 में लागू होने की संभावना अपेक्षाकृत कम है। प्रारंभिक परीक्षा के बाद वर्तमान में मेन्स परीक्षा में 7 अनिवार्य पेपर (प्रत्येक 200 अंक, कुल 1400 अंक) होते हैं, जो पूरी तरह से वर्णनात्मक होते हैं। इसमें भाषा, निबंध और सामान्य अध्ययन शामिल हैं।

### इसलिए परिवर्तन

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सामान्यतः कक्षा बारहवीं तक की एनसीईआरटी किताबें अनिवार्य रूप से पढ़ने की सलाह दी जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्कूली पाठ्यक्रम में व्यापक रूप से बदलाव हुआ है। एआई सहित कई तरह की नई चीजें अब आ गई हैं। कई नए कोर्स भी लॉन्च हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, पीएससी अब इन्हें भी पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहता है। परीक्षार्थियों की योग्यता वर्तमान मापदंडों पर आंकी जा सके, इसलिए यह परिवर्तन हो रहा है।

### खबर संक्षेप

#### लूटपाट मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने लूटपाट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चंगोराभाठा बाजार स्थित बाबा चौक के पास 5 जुलाई की शाम करीब साढ़े 7 बजे स्कूटी सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट कर चांदी की चेन एवं मोबाइल लूट ली और फरार हो गए थे। पुलिस ने इस घटना की जांच करते हुए आरोपी रजत सेन उर्फ हर्ष एवं लक्की ध्रुव को गिरफ्तार किया है।

#### सूने मकान में धावा धरे गए दो शातिर

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने दो चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हांडीपारा स्थित प्रार्थिया कांति साहू के सूने मकान को निशाना बनाकर वहां से लगभग 3 लाख रुपए कीमत के जेवरात चोरी किए थे। चोरी करने मकान में प्रवेश करने आरोपियों ने मकान का ताला तोड़ने के साथ आलमारी के लॉकर को तोड़ा था। आरोपियों में एक का नाम मो. बिलाल निवासी हांडीपारा शिवनगर है, वहीं उसका दूसरा साथी नाबालिग है। दोनों के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

#### विशेष चेकिंग के दौरान 7 गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने विशेष चेकिंग के दौरान 7 आरोपियों को गिरपतार किया है। पुलिस ने सोमवार को देवारडेरा सहित विभिन्न संदिग्ध स्थानों एवं अड्डों पर चेकिंग करते हुए 7 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 170/126,135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की।

### दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी आवाज

## फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 मजदूरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के औद्योगिक क्षेत्र उरला स्थित थ्रीडी फैक्ट्री में मंगलवार शाम बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री में एक जोरदार धमाका हुआ, जिसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। बताया जा रहा है कि इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत तथा कुछ के घायल एवं मलबे के नीचे दबे होने की भी आशंका है। हादसे के बाद पुलिस, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान में जुटी हुई है। इधर हादसे के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी की स्थिति बनी हुई है। हालांकि इस घटना में कुल कितने लोगों की मृत्यु एवं कितने घायल हुए हैं, इसकी अधिकृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

पुलिस सूत्रों से पता चला कि हादसा देर शाम को हुआ है। हादसे के समय फैक्ट्री में काम चल रहा था, जहां कई मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक यहां ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज लगभग दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। बताया जा रहा है कि इस हादसे में काम कर रहे दो मजदूरों की मौके पर मौत हो गई है, वहीं अन्य घायल मजदूर की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतकों की पहचान लाल सिंह एवं कमल सिंह निवासी डिंडौरी मध्यप्रदेश तथा अरुण पांडे निवासी जांजगीर चांपा के रूप में हुई है। इनमें कमल की एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत होना बताया जा रहा है।

### मलबे के नीचे दबे होने की आशंका

बताया जा रहा है कि तीन मजदूरों की मौत के बाद भी मौके पर रेस्क्यू अभियान जारी है। आशंका जताई जा रही है कि मलबे के नीचे कुछ और मजदूर दबे हो सकते हैं। हालांकि इसे लेकर फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि आखिर हादसे के समय कुल कितने मजदूर वहां काम कर रहे थे।

### ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि मृतक के कुछ अंग भी शरीर से अलग हो गए

इस हादसे के बाद मौके पर जो दृश्य देखने को मिले हैं, उसे देख यह लग रहा है कि ब्लास्ट काफी जोरदार रहा होगा। इस हादसे में मारा गया एक मजदूर का कटा पैर मिला है, जो ब्लास्ट के बाद उसके शरीर से अलग होकर दूर पड़ा था।

### *मलबा हटाने जेसीबी का भी इस्तेमाल*

*हादसे के बाद कई घंटे तक रेस्क्यू अभियान चला है। इस दौरान मलबे के नीचे भी कुछ मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही थी। इसे देखते हुए मौके पर एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड टीम के अलावा पुलिस के अधिकारी भी पुलिस कर्मियों के साथ देर रात तक घटना स्थल पर डटे रहे। मलबा को हटाने के लिए जेसीबी का भी इस्तेमाल किया गया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मलबा हटाने का कार्य जारी रहा।*

### *हादसा हो सकता था और बड़ा*

*बताया जा रहा है कि हादसे हुआ, वहां पास ही औद्योगिक ऑक्सीजन सिलेंडर भी बड़ी तादात में रखे हुए थे। इनमें कई सिलेंडर भरे हुए थे। ब्लास्ट के दौरान अगर इन सिलेंडरों में विस्फोट होता, तो हादसा इससे भी ज्यादा भयंकर हो सकता था, क्योंकि इस हादसे में फैक्ट्री में मौजूद और भी कई मजदूर चपेट में आ सकते थे। विस्फोट से मजदूर का कटा पैर भी इन सिलेंडरों के पास ही पड़ा मिला।*

## टेंट डेकोरेशन फ्लावर दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के रामसागरपारा में एक टेंट डेकोरेशन फ्लावर की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। दुकान में आग सुबह करीब 5.30 बजे लगी थी। इसे बुझाने के लिए दमकल विभाग की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और लगभग ढाई घंटे की मशक्कत के बाद उस पर काबू पाया। आग कैसे लगी है, इसकी जांच की जा रही है। हालांकि प्रारंभिक जांच में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

**बड़ा हादसा टला, दूसरी दुकानें एवं मकान में भी लग सकती थी आग**

रामसागरपारा में उद्यान नाम से आर्टिफिशयल फ्लावर एवं टेंट डेकोरेशन फ्लावर की चिल्हर एवं थोक बिक्री की दुकान है। इस दुकान के ऊपर मकान तथा अगल-बगल में दुकानें एवं मकान भी हैं। यह इलाका व्यावसायिक होने के कारण यहां सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक भीड़ भी रहती है। दुकान में आग सुबह करीब साढ़े 5 बजे लगी थी। उस समय जिस दुकान में आग लगी, उसके अलावा अगल-बगल की सभी दुकानें बंद थीं, वहीं दुकान के ऊपर घर में रहने वाले सोये हुए थे। बताया जा रहा है कि दुकान से धुंआ उठते देख किसी ने इसकी सूचना डॉयल 112 के जरिए पुलिस और दमकल विभाग को दी। इस सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां बिना देर किए मौके पर पहुंचीं। हालांकि इससे पूर्व क्षेत्र थाना की पुलिस ने मकान के ऊपर रहने वाले परिवार की सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल आग लगने की सूचना देकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला, साथ ही अगल-बगल ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ढाई घंटे लग गए काबू पाने में

आग इतनी भीषण लगी थी कि उसे काबू पाने में दमकल विभाग कर्मियों को लगभग ढाई घंटे लग गए। आग इतनी भीषण लगी थी कि उसे बुझाने पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियों को मौके पर पहुंचना पड़ा। बताया जा रहा है कि आगजनी से दुकान में रखी लगभग सभी सामग्री जलकर खाक हो गई। आगजनी से हुए नुकसान का आकलन अभी नहीं किया गया है, लेकिन संभावना लाखों रुपए के नुकसान की जताई जा रही है। इधर आग लगने की वजह भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसकी भी जांच की जा रही है।

## पुलिस लाइन का छोटा गेट भी बंद, पुलिस कर्मी अब जान जोखिम में डालकर फांद रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन के बूढ़ा तालाब की ओर के बड़े गेट को आम लोगों के आवागमन के लिए बंद रखा जाता है, वहीं पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए इस गेट पर एक छोटा गेट भी बना हुआ है, जिसे अक्सर खुला रखा जाता था। इस छोटे गेट से ही पुलिस लाइन में ड्यूटी करने एवं रहने वाले कई लोग हर दिन आना-आना करते थे, लेकिन मंगलवार को इस गेट को भी बंद कर दिया गया है, जिसके कारण पुलिस कर्मियों को ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दिनभर फांदते रहे पुलिस कर्मी सहित आम लोग

बूढ़ातालाब की तरफ के मुख्य बड़े गेट के बाद अब छोटे गेट पर भी ताला लगा दिया गया है। छोटे गेट पर ताला लगाने की वजह का पता नहीं चल पाया है। सूत्र की मानें, तो इसे बंद करने का कारण सुरक्षा व्यवस्था है। इसकी वजह जो कुछ भी हो, लेकिन इस छोटे गेट के बंद होने से इस गेट से आना-जाना करने वाले पुलिस कर्मियों की समस्या जरूर बढ़ गई है। इस गेट के बंद होने के बाद से पुलिस कर्मी अब पुलिस लाइन के अंदर और बाहर आने के लिए गेट पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सुरक्षा-निगरानी के लिए कोई जवान तैनात नहीं

गेट पर जरूर ताला लगा दिया गया है, लेकिन सुरक्षा या निगरानी की दृष्टि से यहां एक भी जवान तैनात नहीं है। इसका परिणाम है कि अब पुलिस कर्मी सहित आम लोग भी जान जोखिम में डालकर गेट पर चढ़कर उसे फांद रहे हैं।



विपक्ष के आरोपों का जवाब और विधायकों के समन्वय पर हुई चर्चा

# भाजपा विधायक दल की बैठक में मानसून सत्र पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी मानसून सत्र से पहले सत्ता पक्ष ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर बुलाई गई। आगामी 13 जुलाई से शुरू होने वाले पांच दिवसीय मानसून सत्र को लेकर पार्टी की रणनीति तैयार की गई। सदन में सरकार की ओर से किन मुद्दों पर जवाब दिया जाएगा, विपक्ष के संभावित हमलों का किस तरह जवाब दिया जाएगा और विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मानसून सत्र को लेकर सरकार की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधायक दल की बैठक में सत्र के दौरान उठने वाले विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। सरकार सदन में हर मुद्दे पर अपना पक्ष रखने के लिए पूरी तरह तैयारी से मंत्रियों और विधायकों को आने कहा गया है। मानसून सत्र से पहले प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। खास कर नकटी के मामले में विपक्ष घेरने का प्रयास करेगा। साथ ही बिजली, खरीफ फसल में किसानों को खाद न मिलने और बीजों के वितरण का मामला प्रमुखता से सामने आएगा। पिछले विधानसभा सत्र से लेकर अब तक कई ऐसे मामले सामने आएं है जिन पर सरकार को जवाब देना होगा। इनमें आंगन बाड़ी की महिला कार्यकर्ताओं को साड़ी, सामूहिक विवाह में नकली मंगलसुत्र का मामला भी शामिल है। इन मामलों में सरकार को जवाबदेही तय करने की मांग विपक्ष की ओर से उठ रही है। इस के अलावा कानून-व्यवस्था, किसानों की समस्याएं, बिजली-पानी संकट, सड़क निर्माण और मानसून के दौरान व्यवस्थाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। माना जा रहा है कि बैठक में विपक्ष के संभावित सवालों के जवाब, सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से सदन में रखने की रणनीति और विभिन्न विभागों के समन्वय को लेकर अंतिम रूप दिया गया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित अन्य मंत्रियों ने विधायकों को सत्र के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए।





## खबर संक्षेप



### साव ने 'सहयोग केंद्र' में कार्यकर्ताओं के आवेदनों का किया निराकरण

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय 'कुशाभाऊ ठाकरे परिसर' में मंगलवार को 'सहयोग केंद्र' में छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधे श्री साव ने मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से पहुंचे 500 से भी अधिक कार्यकर्ताओं की समस्याओं, शिकायतों और महत्वपूर्ण सुझावों को सुना तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर कहा, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। संगठन और सत्ता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में 'सहयोग केंद्र' एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनता और कार्यकर्ताओं के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है।

### पद्म विभूषण तीजन बाई के निधन पर राजकीय शोक नहीं घोषित किया जाना दुःखद

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पद्म विभूषण तीजन बाई छत्तीसगढ़ की शान थीं, उनके दुःखद निधन पर राज्य में राजकीय शोक किया जाना था। भाजपा सरकार ने उनके निधन पर राजकीय शोक नहीं घोषित किया। छत्तीसगढ़ के लोग इस सरकार के निर्णय से आहत हैं। तीजन बाई पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्म विभूषण तीनों ही सम्मान से सम्मानित होने वाली बिरला व्यक्तित्व थीं एवं छत्तीसगढ़ की गौरवशाली पहचान थीं। सरकार ने प्रदेश की महान विभूति का उनके अंतिम समय पर उचित सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा, तीजन बाई के निधन पर राजकीय शोक नहीं करना बेहद ही दुःखद और शर्मनाक और आहत करने वाला निर्णय भारतीय जनता पार्टी की सरकार का है। तीजन बाई न सिर्फ छत्तीसगढ़ की शान थीं, छत्तीसगढ़ संस्कृति की राजदूत थीं, छत्तीसगढ़ी परंपराओं की अग्रध्वज वाहक थीं।



### कैबिनेट आज




रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक 8 जुलाई को शाम 4 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े अहम प्रस्तावों और नीतिगत मामलों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में आगामी 13 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों की भी समीक्षा होने की संभावना है। इसके साथ हाल ही में आयोजित 'चिंतन शिविर में शासन-प्रशासन, सुशासन और विकास से जुड़े जिन सुझावों पर मंथन हुआ, उनसे संबंधित प्रस्तावों पर भी कैबिनेट विचार कर सकती है। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से भेजे गए प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया जाएगा।

राजस्व मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर

# राजस्व विभाग की नकल शाखा अब होगी ऑनलाइन सीएम साय ने की विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को राजस्व विभाग के कामकाज की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने नकल शाखा को पूर्णतः ऑनलाइन करने के लिए इस परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत राज्य के सभी जिला एवं तहसील कार्यालयों के महत्वपूर्ण राजस्व अभिलेखों का एकीकृत डिजिटल अभिलेखागार विकसित किया जाएगा। इससे प्रमाणित अभिलेखों का निर्गमन कुछ ही मिनटों में संभव होगा तथा अभिलेखों में छेड़छाड़ की संभावनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट नीति राजस्व प्रशासन को पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचारमुक्त बनाना है। राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नागरिकों को बिना अनावश्यक कार्यालयीन आवागमन के गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**अबूझमाड़ क्षेत्र में सर्वेक्षण**

*मुख्यमंत्री ने असर्वेक्षित ग्रामों, विशेषकर अबूझमाड़ क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि राजस्व अभिलेख तैयार हो सकें, भूमि अभिलेख अद्यतन हों तथा स्थानीय नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।*

### गिरदावरी की तैयारी समय पर करें

बैठक में स्वामित्व योजना, वन अधिकार पट्टों की प्रविष्टि एवं नामांतरण, पट्टाधृति अधिनियम-2023 के प्रभावी क्रियान्वयन, एग्री स्टैक, फार्मर रजिस्ट्री एवं एक्सेम्प्टेड कैटेगरी फार्मर रजिस्ट्री की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने आगामी खरीफ सीजन के डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण नहीं, बल्कि नागरिकों को तेज, पारदर्शी, जवाबदेह एवं विश्वासपूर्ण राजस्व व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के नीतिगत सुधारों एवं नवाचारों से राजस्व प्रशासन में सकारात्मक परिवर्तन आया है और इसे और अधिक प्रभावी बनाना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।



### अब साइबर तहसील

बैठक में साइबर तहसील व्यवस्था लागू करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था के माध्यम से अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा सहित विभिन्न राजस्व सेवाएं केंद्रीकृत एवं पूर्णतः ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने अन्य राज्यों के अनुभवों का अध्ययन कर नागरिक हित में आवश्यक नीतिगत निर्णय लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, लिपिक एवं अन्य रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, तहसीलों के अधोसंरचना विकास तथा तहसीलदारों के लिए आवश्यक वाहन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

### शामिल हुए मंत्री-अधिकारी

बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव प्रभात मलिक, राजस्व विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, विशेष सचिव इफ़्फ़त आरा, संचालक भू-अभिलेख विनीत नंदनवार, संयुक्त सचिव अरविन्द एक्का सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों को वाट्सएप पर मिलेंगे दस्तावेज

बैठक में डिजिटल किसान किताब एवं भूमि संबंधी दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों को बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका तथा भूमि संबंधी अन्य जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से सहज रूप से उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि उन्हें तहसील अथवा पटवारी कार्यालय जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सीधे आमजन एवं किसानों के जीवन से जुड़ा विभाग है, इसलिए शासन के सभी सुधारों एवं नवाचारों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचना चाहिए।

### इन प्रकरणों का निपटारा संवेदनशीलता से हो

मुख्यमंत्री ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6-4 की ऑनलाइन व्यवस्था एक महत्वपूर्ण सुधार है, जिसके लागू होने पर आवेदक स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे तथा संपूर्ण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध होगी। उन्होंने अविवादित फौती नामांतरण की प्रक्रिया पंचायतों के माध्यम से संपादित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष बल देते हुए सीमांकन प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निपटारा सुनिश्चित करने तथा समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों की जिला-वार नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

## नपं चुनाव में वोट रिजेक्ट होने पर भाजपा ने दो को पार्टी से किया निष्कासित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने अनुशासनहीनता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सूरजपुर जिले के शिवनन्दनपुर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी प्रशांत अग्रवाल और उनके पिता अशोक अग्रवाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अशोक अग्रवाल आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भी हैं। यह जानकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने दी। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. मार्कण्डेय के अनुसार सूरजपुर जिला स्थित शिवनन्दनपुर नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा द्वारा घोषित अधिकृत प्रत्याशी का वोट रिजेक्ट हो गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्टी ने उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी और उनके पिता, दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस के मद्देनजर दिए गए जवाब को संगठन के स्तर पर संतोषप्रद नहीं पाया गया। डॉ. मार्कण्डेय ने बताया कि जवाब संतोषप्रद नहीं होने के कारण, पार्टी ने दोनों को निष्कासित कर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सांगठनिक और चुनावी प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

■ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रशांत अग्रवाल और उनके पिता पर कार्रवाई

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से मिले सीएम साय और नेता प्रतिपक्ष महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू हो रहा है। इससे पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से स्पीकर हाउस पहुंचकर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई।

बताया गया है कि मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों और सदन के सुचारू संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्पीकर हाउस से सीधे मंत्रालय के लिए रवाना हो गए। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी स्पीकर हाउस पहुंचे और विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की। बैठक के बाद वे स्पीकर हाउस से बाहर निकल गए। इस मुलाकात को सत्र की रणनीति और सदन की कार्यवाही के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### किसानों के मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

मानसून सत्र में किसानों से जुड़े मुद्दे भी प्रमुखता से उठेंगे। कांग्रेस खरीफ सीजन में खाद, बीज की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, धान खरीदी की तैयारियों और कृषि क्षेत्र से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। विपक्ष का आरोप है कि किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है।

### पांच दिनों का होगा मानसून सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होगा, जो 17 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान विधानसभा की कुल पांच बैठकें आयोजित की जाएंगी। सत्र में वित्तीय कार्यों के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्यों का भी संपादन किया जाएगा। सत्र को लेकर विधायकों ने 1033 सवाल लगाए हैं। सवालों में कानून व्यवस्था, सामूहिक विवाह में नकली मंगलसूत्र, सड़क निर्माण ठेके में गड़बड़ी, जल जीवन मिशन में ठेकेदारों के लंबित भुगतान, नकटी गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, विस्थापन और विधायक आवास के लिए प्रस्तावित भूमि से जुड़ा विवाद भी विधानसभा के मानसून सत्र में गूंज सकता है।

# पीएम आवास ग्रामीण की सूची तैयार करने में दिक्कत, बड़ी संख्या में परिवार वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने आवश्यक पहल का आग्रह करते हुए उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है।

उन्होंने बताया कि 24 जून को प्रदेशभर में आयोजित ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 की सूची प्रस्तुत की गई, जिसके दौरान कुछ समस्याएं भी सामने आईं, जिसमें सर्वेक्षण के समय कुछ पात्र व्यक्ति पलायन अथवा अन्य कारणों से उपलब्ध नहीं हो सके, जिसके कारण उनका सर्वे नहीं हो पाया और उनका नाम पात्रता सूची में शामिल नहीं हो सका। साथ ही कुछ पात्र परिवारों का सर्वे तो हुआ, लेकिन तकनीकी अथवा अन्य कारणों से उनकी जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो सकी, जिससे ग्राम सभा में उनकी पात्रता प्रदर्शित नहीं हो पाई। श्री शर्मा ने कहा कि इन दोनों कारणों से प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे पात्र परिवार आवास स्वीकृति से वंचित रह गए हैं, जो वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभ के हकदार हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि इन समस्याओं के समाधान हेतु भारत सरकार स्तर पर आवश्यक निर्णय एवं पहल की जाए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर नई दिल्ली में 28 एवं 29 जून 2026 को आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने अपने पत्र में लिखा कि राष्ट्रीय ग्रामीण सम्मेलन वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में श्री चौहान के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही यह भी कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी पात्र परिवारों को आवास के संकल्प को पूर्ण रूप से साकार किया जा सके।

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

■ डिप्टी सीएम शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

■ सर्वे तो हुआ लेकिन पोर्टल में डाटा नहीं आया

नकटी मामले में सियासत जारी, कांग्रेस का आरोप- गांव के आसपास की जमीनों पर भाजपा नेताओं का कब्जा

# कांग्रेस ने कहा- चारागाह पर ग्रामीणों का अधिकार, भू-माफिया के लिए हटाई बस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकटी मामले में कांग्रेस जांच समिति के संयोजक धनेंद्र साहू ने 1930-31 के चकबंदी रिकार्ड में और आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव के पत्र को दिखाते हुए कहा कि सभी सरकारी दस्तावेज ग्रामीणों के पक्ष में दिखाई देते हैं। चारागाह की जमीन पर बसे ग्रामीणों को छुट्टी के दिन सुबह-सुबह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साए में तोड़फोड़ की कार्रवाई कर नकटी के बस्तीवासियों को हटाया गया। उन्होंने कहा, इसके पीछे नवा रायपुर क्षेत्र के नकटी गांव की जमीन पर भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाना तो नहीं है।

राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने अक्टूबर 2024 में आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव द्वारा कलेक्टर रायपुर को लिखे गए पत्र की प्रति दिखाते हुए कहा, इस पत्र में स्पष्ट लिखा गया है कि खसरा नंबर 460, 465, 524, 698, 700 और 701. कुल 29.172 हेक्टेयर भूमि में कच्चे-पक्के मकान बने हुए हैं। अतिक्रमण बढ़ता जा रहा, इससे जनप्रतिनिधियों को विशेष आवासीय योजना के तहत भूखंड दिए जाने में बाधा उत्पन्न होगी। अतिक्रमण को हटाने और गृह निर्माण मंडल को शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव कहते हैं कि हमने कोई जमीन नहीं मांगी, इस पत्र से सब कुछ स्पष्ट हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि खसरा नंबर 407, 477 और 524 इन तीनों को मिलाकर 24 हेक्टेयर होता है। यह जमीन आज भी राजस्व रिकॉर्ड में शामिलात चारागाह के रूप में दर्ज है। इसमें खसरा नंबर 698, 700 और 701 शासकीय भूमि है, जिसका कुल रकबा 3 हेक्टयर है, जो कि एनआरडीए के नाम दर्ज है।

■ राज्यपाल से 10 को मिलेंगे, कार्रवाई न होने पर कोर्ट जाने की तैयारी




### नकटी की जमीनों का आडिट कराएं

धनेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि नकटी गांव के पास भाजपा नेताओं का भी कब्जा है, उनका कब्जा क्यों नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि नकटी की पूरी जमीन का ऑडिट कराया जाए। यह जांच हो कि किसके नाम कितनी जमीन है और किन लोगों ने जमीन पर कब्जा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे मामले में भाजपा सरकार घिर गई है। भाजपा संगठन के नेताओं से लेकर, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष और मंत्री केदार कश्यप जैसे नेता झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस पीड़ितों के साथ खड़ी है और हर स्तर की लड़ाई लड़ेगी।

### राज्यपाल से मिलने के बाद कोर्ट जाएंगे

धनेन्द्र साहू ने कहा, नकटी मामले को लेकर राज्यपाल से 10 जुलाई को मिलने का समय मिल गया है। राज्यपाल को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देकर गरीब परिवारों को न्याय दिलाने सरकार पर दबाव बनाने की मांग कांग्रेस करेगी। राज्यपाल प्रदेश के संवैधानिक प्रमुख हैं, इसलिए पहले उनके सामने पूरा मामला रखा जाएगा। यदि सरकार दोषियों पर कार्रवाई नहीं करती है, तो कांग्रेस अदालत का दरवाजा भी खटखटाएगी।

### घड़ियाली आंसू बहा रहे भाजपा नेता

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, मूल ग्रामवासी को अतिक्रमणकारी बता रही। बृजमोहन अग्रवाल, देवजी पटेल जैसे नेता सिर्फ मीडिया में बयान देकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा, ओपी चौधरी जब-जब पावर में रहते हैं, शामिलात चारागाह की जमीन, अधिग्रहण पर मुआवजा जरूरी धनेंद्र साहू ने 1930-31 चकबंदी रिकॉर्ड के आधार पर बताया कि उस समय के मालगुजार रामभरोसा दानी और 50-60 लोगों के नाम दर्ज हैं, जो कि भू-स्वामी हैं। यह सब शामिलात चारागाह की भूमि है, इसका लगान शुरू से पटता आ रहा है, इस जमीन को किसी भी कीमत में कोई नहीं ले सकता, सरकार इसका अधिग्रहण करे, तो मुआवजा देना पड़ता है। इस पर निर्णय का अधिकार ग्रामसभा के पास होता है।

**खबर संक्षेप**



## आरंग में दिखा गाय और श्वान का अनूठा प्रेम

**आरंग।** भागदौड़ और स्वार्थ से भरी दुनिया के बीच प्रकृति अक्सर ऐसे दृश्य प्रस्तुत कर देती है, जो इंसानियत और प्रेम का संदेश दे जाते हैं। ऐसा ही एक भावुक कर देने वाला दृश्य इन दिनों लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जिसमें एक गाय स्नेहपूर्वक एक कुत्ते को चाटती हुई नजर आ रही है। यह दृश्य मानो यह संदेश दे रहा हो कि प्रेम, अपनापन और ममता की कोई सीमा नहीं होती। अलग-अलग प्रजातियों के होने के बावजूद दोनों पशुओं के बीच दिखाई दिया यह आत्मीय व्यवहार लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रहा है। गाय का स्नेह और कुत्ते का सहज भाव इस पल को और भी खास बना देता है। पशु प्रेमियों का मानना है कि पशुओं में भी संवेदनाएँ, अपनापन और भावनाएँ होती हैं, जिन्हें अक्सर हम नजरअंदाज कर देते हैं। यह तस्वीर उसी सच्चाई को बयां करती है कि निस्वार्थ प्रेम और करुणा केवल इंसानों तक सीमित नहीं हैं।

## कुरूद स्कूल में शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन



**मंदिर हसौद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुरूद बाराडेरा रायपुर के शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन जिसमें अध्यक्ष पद्मनी चक्रधारी उपाध्यक्ष रंगुलाल धीवर, सचिव चोवा राम कोसले, शिक्षाविद सागर पटेल जनप्रतिनिधि मंजू कश्यप, शिक्षक सदस्य धनेश्वरी कश्यप सदस्य गण जानकी वर्मा, भूपेश्वरी वर्मा, ज्योति पटेल ,प्रभा पटेल, सविता पटेल, नेहा ध्रुव सदस्य गण यशवंत पटेल, पहलाद धीवर चंद्रहास निषाद, गिरधारी साहू, विष्णु धीवर उपस्थित शिक्षक नरेंद्र कुमार बघेल, राजकुमार नारंग समस्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## बिजली गिरने से ग्रामीण की मौत

**आरंग।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम परसदा (सेमरिया) में रविवार को प्रकृति का ऐसा कहर टूटा, जिसने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। मूसलाधार बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 55 वर्षीय एक ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दुखद हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम परसदा (सेमरिया) निवासी संतराम यादव (55 वर्ष) रविवार सुबह तेज बारिश के बीच पास ही स्थित नहर में मछली पकड़ने गए थे। मछली पकड़ने के बाद जब वे वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे, तभी अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते आसमान में बिजली कड़कने लगी और मूसलाधार बारिश के बीच एक तेज आकाशीय बिजली सीधे संतराम के ऊपर आ गिरी। गाज की चपेट में आने के कारण संतराम को संभलने का मौका भी नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। नहर के पास हुए इस हादसे की खबर जैसे ही स्थानीय ग्रामीणों को मिली, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना पाकर आरंग पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की और शव परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने इस मामले में फिलहाल मर्ग कायम कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इधर, संतराम यादव की इस तरह अचानक हुई दर्दनाक मृत्यु से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हृदयविदारक घटना से ग्राम परसदा सहित आसपास के पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ

**आरंग।** मंगलवार को श्री नारायण बन हनुमान मंदिर, महामायापारा के पास राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन के सदस्यों द्वारा सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, आरती, हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तों ने विश्व कल्याण, जनकल्याण एवं सभी की मनोकामना पूर्ण होने की भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, अशोक साहू, हीरालाल साहू, संतोष लाला लोधी, धनऊ धुरंधर, प्रेम वर्मा, ओंकार विश्वकर्मा एवं मोहल्ले के संतजन शामिल हुए।

### ग्रामीणों का आरोप : समय रहते नहीं खोले गए एनीकट के गेट, समोदा अध्यक्ष ने की जांच की मांग

# महानदी का हरदीडीह एनीकट टूटा, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और बांधों से छोड़े जा रहे पानी के बीच महानदी पर निर्मित हरदीडीह एनीकट के टूट जाने की एक बेहद गंभीर और बड़ी घटना सामने आई है। एनीकट का एक बड़ा हिस्सा पानी के भारी दबाव और तेज बहाव में बह गया है।

- महानदी पर बना हरदीडीह एनीकट टूटा, समोदा और निसदा डैम के गेट खोलने से बढ़ा दबाव

इस हादसे के बाद जहां एक ओर आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों का जमीनी आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है, वहीं रबी और खरीफ सीजन के मुहाने पर खड़े किसानों के सामने सिंचाई का बहुत बड़ा संकट खड़ा होने की आशंका गहरा गई है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, ऊपरी इलाकों में भारी वर्षा के बाद निसदा डैम के 10 और समोदा डैम के 23 गेट एक साथ खोल दिए गए थे। इसके बाद महानदी में पानी का इनफ्लो (बहाव) अचानक अत्यधिक तेज और प्रभावशाली हो गया। डैम से छूटे लाखों क्यूसेक पानी का सैलाब तेजी से हरदीडीह एनीकट की ओर बढ़ा, जिससे नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया।



**खास बातें**

- निसदा के 10 और समोदा के 23 गेट खुले एनीकट पर ओवर फलो
- किसानों के सामने सिंचाई का बहुत बड़ा संकट खड़ा होने की आशंका गहरा गई

### जिम्मेदार अफसरों पर हो कड़ी कार्रवाई

इधर, इस बड़े हादसे के बाद नगर पंचायत समोदा के अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना को बेहद गंभीर बताया है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग शासन-प्रशासन से की है। सोनकर ने कहा कि इस भारी नुकसान और जनता की परेशानी के लिए सीधे तौर पर जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी दोषी हैं, जिनके विरुद्ध तत्काल निलंबन और कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

### सिंचाई और आवागमन पूरी तरह ठप

हरदीडीह एनीकट क्षेत्र के किसानों के लिए लाइफलाइन (सिंचाई का प्रमुख साधन) माना जाता है। इसके क्षतिग्रस्त होने से चालू कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित होने की कगार पर है। वर्तमान में जिला प्रशासन और तकनीकी टीम द्वारा एनीकट को हुए वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है। अब देखना यह है कि प्रभावित गांवों का संपर्क दोबारा बहाल करने और वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए प्रशासन कितनी मुस्तैदी से कदम उठाता है।

### *अधिकारियों की घोर लापरवाही: केवल 2 गेट खोलने से बना डेथ ट्रैप*

इस पूरी तबाही को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही बरतने का सीधा आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब समोदा और निसदा डैम से भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा था, तब हरदीडीह एनीकट के कुल गेटों में से केवल 2 गेट ही खोले गए थे। बाकी गेट बंद रहने के कारण एनीकट के कंक्रीट स्ट्रक्चर पर पानी का हाइड्रोस्टेटिक दबाव अपनी क्षमता से कई गुना अधिक बढ़ गया। यदि समय रहते एनीकट के सभी गेट खोल दिए जाते, तो पानी आसानी से पार हो जाता और करोड़ों की लागत से बने इस एनीकट को टूटने से बचाया जा सकता था।

# हर बच्चे को मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

विकासखंड तिल्दा के ग्राम टोहड़ा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वीं की 71 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं।



साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। वक्ताओं ने कहा कि इस योजना से छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ेगी, समय की बचत होगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह और मजबूत होगा।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत टोहड़ा के सरपंच छोटेलाल वर्मा, पंचगण, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सरपंच ने कहा की खूब पढ़े-खूब बढ़े, बेटियां हैं तो कल है ,सभी बच्चें लगन से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें, हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास करते हुए छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करें। सभी अतिथियों ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और शिक्षा के माध्यम से भविष्य संवारने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। सरस्वती साइकिल योजना को बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

# धरसीवां थाना परिसर में पौधारोपण

**धरसीवां।** स्थानीय थाना परिसर में पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य से एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पूरा कार्यक्रम मेसर्स शारडा एनर्जी एंड मिनिरल्स लिमिटेड के सौजन्य से आयोजित किया गया था, जिसमें पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से लेकर थाना स्टाफ और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सीएसपी (ग्रामीण) श्री वीरेंद्र चतुर्वेदी और थाना प्रभारी धरसीवां राजेन्द्र दीवान ने थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधों का रोपण कर इस मुहिम की शुरुआत की। उनके साथ ही धरसीवां थाने के समस्त पुलिस स्टाफ ने भी पूरे उत्साह के साथ परिसर के खाली पड़े हिस्सों में पौधारोपण किया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि दिनों-दिन बढ़ रहे प्रदूषण और असंतुलित होते मौसम चक्र को सुधारने का एकमात्र जरिया ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना ही है। पुलिस विभाग सुरक्षा के साथ-साथ प्रकृति की सुरक्षा के लिए भी हमेशा तैयार रहता है।

कार्यक्रम में शारडा एनर्जी कंपनी प्रबंधन की ओर से मुख्य मानव संसाधन श्री विवेक चौधरी और प्रबंधक (एचआर) श्री शेख महमूद सुभानी विशेष रूप से शामिल हुए। कंपनी के प्रतिनिधियों ने पुलिस स्टाफ के साथ मिलकर कई पौधे लगाए और कहा कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को निभाना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। कार्यक्रम के अंत में वहां मौजूद सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे केवल पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेंगे, बल्कि इन पौधों के बड़े होने और उनके पूरी तरह से सुरक्षित होने तक उनकी नियमित देखरेख भी करेंगे। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण का यह काम केवल किसी एक संस्था या विभाग का नहीं है, बल्कि इसमें आम जनता की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। जब तक हर व्यक्ति एक पौधा लगाने की जिम्मेदारी नहीं उठाएगा, तब तक हम पर्यावरण को पूरी तरह सुरक्षित नहीं रख पाएंगे।




## लगातार बारिश और डीएपी की कमी से किसान चिंतित

**आरंग।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में अधिकांश किसानों ने खरीफ सीजन के तहत धान की बुवाई पूरी कर ली है। लगातार हो रही बारिश के चलते अब कई किसान चोपी पद्धति से धान की बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं, जबकि कुछ किसान नर्सरी (थरहा) तैयार कर रोपाई विधि अपनाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, लगातार वर्षा से खेतों में जलभराव की स्थिति बनने लगी है, जिससे धान की फसल प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि जिन खेतों में पहले ही धान की बुवाई हो चुकी है, वहां अधिक पानी भरने से बीजों के अंकुरण पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वहीं, तेज बारिश के कारण कई खेतों की मेड़ भी टूट गई है, जिन्हें दोबारा बनाने के लिए किसानों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है। इधर, किसानों की चिंता खाद की उपलब्धता को लेकर भी बढ़ गई है। उनका कहना है कि सहकारी समितियों में डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है और आवश्यकता के अनुरूप खाद का वितरण नहीं किया जा रहा है।

# सम्मानपुर–नकटी के पीड़ितों के समर्थन में उतरी कांग्रेस, विधायक का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज : मंदिर हसौद



जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश अनुसार सम्मानपुर–नकटी के पीड़ितों के समर्थन में कांग्रेस का जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए, धरसींवा विधायक का पुतला दहन

जोरा मंडल कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार, 06 जुलाई 2026 को पुराना विधानसभा ओवर ब्रिज में सम्मानपुर–नकटी गांव के पीड़ित परिवारों के समर्थन तथा भाजपा सरकार के जनविरोधी निर्णयों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरसींवा विधायक अनुज शर्मा का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता के अधिकारों की लगातार अनदेखी की जा रही है और गरीब, किसान तथा आम नागरिकों की समस्याओं पर सरकार पूरी तरह मौन है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा व पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने कहा कि जब गरीबों के हक और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता है, तब जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का उग्र होकर आवाज़ उठाना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी बन जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा अन्याय के खिलाफ संघर्ष करती रही है और आगे भी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा.पूर्व विधायक अनिता शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष नारायण कुर्रे, ब्लाक अध्यक्ष आशीष वर्मा, भावेश बघेल डोमेश्वरी वर्मा, जोरा मंडल अध्यक्ष रंजीत गायकवाड, नीतू साहू, गावेस साहू, जागेश्वर कुर्रे, अरुण लहरी संतराम नारंग, भीखू वर्मा, मनीष निर्मलकर, भीखू वर्मा, चिंता डहरिया, संदीप चेलक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता और जनविरोधी नीतियां वापस नहीं ली जातीं, तब तक संघर्ष और आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

# शिक्षा ही सफलता की चाबी : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पर्यावरण को समृद्ध और सुरक्षित बनाने के लिए आज ग्राम पंचायत चपरिद में एक बेहद सराहनीय और अनूठी पहल देखने को मिली। ग्राम पंचायत चपरिद की सजग सरपंच सोहदरा उमेंद्र साहू के नेतृत्व में शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय चपरिद में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने न केवल बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान भी बिखेर दी। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर में वृक्षारोपण के साथ हुई। सरपंच सोहदरा साहू ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों के साथ मिलकर परिसर में फलदार और छायादार पौधे रोपे।

इस दौरान उन्होंने बच्चों को पर्यावरण का महत्व समझाते हुए कहा, /"पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और हमें शुद्ध प्राणवायु देते हैं। वृक्षारोपण की इस खुशी को दोगुना करने के लिए सरपंच महोदया द्वारा स्कूली बच्चों के लिए एक शानदार 'न्योता भोज' का आयोजन किया गया। मिड-डे मील (मध्याह्न भोजन) के तहत आयोजित इस विशेष भोज में बच्चों को उनकी पसंद के स्वादिष्ट व्यंजन गर्मागर्म आलूचाप, खुशबूदार पुलाव, मुंह में घुल जाने वाली खीर, मिठाई एवं चटनी परोसी गई। अपने बीच सरपंच को पाकर और मनपसंद भोजन का स्वाद चखकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। भोज के उपरांत सरपंच सोहदरा साहू ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया।



उन्होंने सभी छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूरी लगन और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की एकमात्र चाबी है, इसलिए खेलकूद के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। इस अवसर पर प्रधान पाठक मृणाल पांडे एवं शाला परिवार के कोमल ध्रुव, अभिषेक वारे, पूर्णिमा इंदौरिया, सुषमा साहू व बिंदिया साहू के साथ शाला विकास समिति के सदस्यगण एवं मध्याह्न भोजन स्व-सहायता समूह की शकुन और केकती की उपस्थिति रही।

# निकाय कर्मचारियों की 13 जुलाई से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित

**धरसीवां।** पूरे प्रदेश भर के नगरीय निकाय कर्मचारी आगामी 13 जुलाई से अपने लंबित प्रमुख 5 सूत्री मांगों को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले थे। नगरीय प्रशासन सचिव आर. संगीता से संघ के प्रदेश नेतृत्व कर्मचारी नेताओ का प्रमुख मांगों को लेकर वार्ता उपरांत हड़ताल स्थगित कर दिया गया है । संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोनी ने बताया कि वार्ता एकदम सकारात्मक पूर्ण रहा है। सचिव ने सभी 5 प्रमुख मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए बिंदुवार चर्चा उपरांत दो मांगे जिसमें प्रत्येक माह को



समय पर वेतन भुगतान और एनपीएस, जीपीएफ की काटी गई राशियों को कर्मचारियों के खाते में जमा करने सहित नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों के 3 - 4 महीने से लंबित वेतन का भुगतान तत्काल कराने के बात पर सहमति बनी है बाकि की मांगे जिसमें नए सेटअप तैयार कर पदोन्नति, पुराना पेंशन योजना लागू करने, सातवें वेतनमान के एरियर्स की राशि भुगतान करने और लंबित अनुकम्पा नियुक्ति जैसे विषय पर अविलंब निराकरण का आश्वासन दिया है। उन्होंने तीन महीने के समयावधि में नीतिगत आधार पर निराकरण कराने जिसका सकारात्मक परिणाम कर्मचारियों को देखने को मिलने की बात कही है। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी ने मीडिया को बताया संचालक से चर्चा उपरान्त जानकारी प्राप्त हुआ है कि बाकी के मांगो पर फाइलें संचनालय स्तर पर तेज गति से चल रहा है जिसका सकारात्मक परिणाम आने वाले समय पर कर्मचारियों को देखने को मिलेगा। सचिव से दो मांगे पर सहमति और बाकि पर अविलंब निराकरण के आश्वासन आधार पर ही हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय कोर कमिटी द्वारा लिया गया है। मांगों पर तीन माह के समय अवधि पर अगर सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी।नगरी निकाय सचिव से वार्ता के लिए मुलाकात करने वाले कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, महिला उपाध्यक्ष शिल्पा मेश्राम, सह कोषाध्यक्ष माहितोष शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर शामिल थे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने किया वरिष्ठों का सम्मान

# मातृभूमि के लिए नेहरू मंत्रिमंडल का त्याग करने वाले अद्वितीय नेता थे डॉ. मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, शिक्षाविद, वकील व अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा और अपने प्राणों की बलि देने वाले भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर 6 जुलाई को आरंग के कार्यकर्ताओं ने उनका स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. मुखर्जी के विषयों पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ नेता गणेश साहू ने बताया कि कैसे उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर राष्ट्र प्रथम की भावना से पं. नेहरू की कश्मीर में लागू परमिट प्रथा का विरोध किया और पूर्वी बंगाल में हिंदुओं के ऊपर अत्याचार पर रोक लगाई। भले ही उन्हें अपने प्राणों की बलि देनी पड़ी, परंतु वे देश के लिए पीछे नहीं हटे और अत्यंत संदेहास्पद अवस्था में डॉ. मुखर्जी की कश्मीर जेल में मृत्यु हो गई।



उनका स्मरण करते हुए नगर के वरिष्ठ जनसंघ के समय के भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं का साल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही डॉक्टर साहब के स्मरण में वृक्षारोपण भी किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नेता सोहन साहू जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं अपने अनुभव साझा किए। के.के. भारद्वाज ने डॉक्टर साहब की कार्यपद्धति एवं अखंड भारत के लिए किए गए उनके योगदान पर अपने विचार रखे। इसके पश्चात राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ध्रुव कुमार ने राष्ट्रवाद को कैसे उन्होंने भारतीय राजनीति में प्रमुख विषय के रूप में स्थापित किया, इस विषय पर जानकारी दी। साथ ही उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने भी अपने विचार रखे एवं साझा किए कि कैसे उनके त्याग और बलिदान की वजह से आज भारतीय जनता पार्टी वटवृक्ष बन चुकी है।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ यदुनंदन शुक्ला, मदनलाल सोनकर, टोहान देवांगन, हेमलता जैन, कृष्ण कुमार भारद्वाज, सालिक साहू, सूरज शर्मा, चमेली यादव, रामप्यारी देवांगन, सोहन साहू, भोलाराम साहू, भरत जलक्षत्री, होरीलाल लोधी, कुंदन जलक्षत्री, प्रकाश सोनकर, पुनाराम साहू, ईश्वर प्रसाद साहू, चेतराम पाल, माखन साहू, डॉ. यादव, आनंद मूर्ति अग्रवाल, गोविंद साहू, डॉ. लक्ष्मण यादव सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान सुशील जलक्षत्री, दिलीप जलक्षत्री, सतीश सोनकर, बलराम साहू, अविनाश विक्की साहू, रितेश साहू, सतीश मानु, खूबचंद साहू, वेद प्रकाश देवांगन, सूरज साहू, चमन सिन्हा, गज्जू साहू, ओपी मिर्धा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील जलक्षत्री एवं आभार प्रदर्शन सतीश मनु जलक्षत्री ने किया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-धरसींवा तहसील व जिला धरसींवा**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

**दिनांक 06/07/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका निहाल खान पिता उमर खान निवासी ग्राम धरसींवा द्वारा आवेदित ग्राम धरसींवा प.ह.नं. 18, राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-15 (धरसींवा) स्थित भूमि खसरा नंबर 455/1, 455/3 रकबा 0.0160 0.0201 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के रा.प्र.क्र. /अ-12/ वर्ष 2025-26 रायपुर के आदेश दिनांक 02/07/2026 के परिपालन में दिनांक 08/07/2026 को समय 11:00 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक /समय तक पटवारी हल्का नंबर 18 के पटवारी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-15**

## खबर संक्षेप

### हसदेव एक्सप्रेस में कोरबा का सफर अब होगा और भी आरामदायक



**रायपुर।** हसदेव एक्सप्रेस में अब यात्रियों का सफर और भी आरामदायक होने वाला है। रेलवे ने अब दोनों दिशाओं से हसदेव में 1 अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। यह सुविधा रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 12 जुलाई से व कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18252 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 13 जुलाई से उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18249 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 15 जुलाई से व कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में दिनांक 16 जुलाई 2026 से उपलब्ध रहेगी।

## निधन

### प्रमिला ठाकुर



**रायपुर।** कुशालपुर, तिरंगा चौक निवासी सेवानिवृत्त लेखा अधिकारी प्रमिला ठाकुर (80) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नरेंद्र नाथ ठाकुर की पत्नी, धनेंद्र ठाकुर, (अजीत), सुजीत ठाकुर, सनत ठाकुर तथा अंजना झा, देवसरा-पिरदा की माता एवं मैथिल ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं. विजय कुमार झा की बड़ी बहन थीं।

### जमुना देवी मयानी



**रायपुर।** आस्था ग्रीन्स, खम्हारडीह, वीआईपी स्टेट निवासी जमुना देवी मयानी (77) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे महेश, अनिल, अमित मयानी की माता थीं।

### दमयंती बेन पिथालिया



**रायपुर।** केके रोड, फाफाडीह चौक निवासी दमयंती बेन पिथालिया (77) का 7 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जयेश पिथालिया, भूपेश, सुधा, हितेश, गोहिल की माता थीं।

### आशीष दुबे



**रायपुर।** वुड आइलैंड फेस-2 अम्लेश्वर निवासी आशीष दुबे (महासमुंद वाले) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे गीता दुबे के ज्येष्ठ पुत्र, शालिनी दुबे के पति, धैर्य दुबे के पिता एवं बलदेव दुबे व राजू दुबे के भाई थे।

# एसोसिएट प्रोफेसर की कमी होगी दूर, 90 सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण

*तीन साल परिवीक्षा अवधि पूरी करने वाले सहायक प्राध्यापकों की पदोन्नति के रास्ते खुल गए हैं। सालभर से ज्यादा अवधि बीतने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 90 असिस्टेंट प्रोफेसरों की परिवीक्षा अवधि पूरी होने का आदेश जारी किया है। डीपीसी पूरी होने के बाद इन्हें एसोसिएट प्रोफेसर बनाया जाएगा, जिससे चिकित्सा महाविद्यालयों में इनकी कमी दूर होगी। दस दिन पहले 40 सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक के रूप में पदोन्नति देकर नए स्थानों पर पोस्टिंग दी गई थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूत्रों के अनुसार चिकित्सा महाविद्यालयों में सीजीपीएससी के माध्यम से भर्ती लेने वाले सहायक प्राध्यापकों का तीन साल प्रोबेशन पीरिएड होता है। इसके बाद इन्हें स्थायी मानते हुए पदोन्नति का लाभ दिया जा सकता है। मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 90 सहायक प्राध्यकों का प्रोबेशन पीरिएड समाप्त करने का आदेश जारी किया है।

सभी वर्ष 2021-22 बैच के डाक्टर हैं जिनकी अवधि सालभर पहले पूरी हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक अभी राज्य में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की तैयारी है इसके साथ पुराने कालेजों में भी काफी संख्या में फैकल्टी की कमी है। इन कमियों को दूर करने और एसोसिएट प्रोफेसरों की कमी को दूर करने इन्हें पदोन्नति का लाभ दिया जा सकता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग में दस दिन पहले 40 सह प्राध्यापकों को प्राध्यापक के रूप में पदोन्नत किया गया था। इसके साथ ही उन्हें नए चिकित्सा महाविद्यालयों में पदस्थ किया गया था। 40 वरिष्ठ चिकित्सकों के प्राध्यापक बनने के बाद एसोसिएट प्रोफेसर के काफी के रिक्त पदों की संख्या काफी अधिक हो गई है। माना जा रहा है कि इन्हें पदोन्नति का लाभ देने के बाद रिक्त पदों की कमियों को काफी हद तक दूर किया जा सकता है।

### बैच की भर्ती, सालभर इंतजार के बाद शासन ने जारी किया आदेश




*दस दिन पहले 40 सह-प्राध्यापकों को प्रोफेसर के रूप में किया गया था पदोन्नत*

### नए स्थान पर जाने से हिचक रहे

*जिन सह-प्राध्यापकों को पदोन्नति दी गई है उनमें से काफी लोगों को नए चिकित्सा महाविद्यालयों में पदस्थ किया गया है। इनमें काफी संख्या में डाक्टर जेएनएम मेडिकल कालेज से संबंधित है। इन्हें 15 दिन के भीतर नए स्थान पर ज्वाइनिंग देने का वक्त दिया गया है मगर पदोन्नत डाक्टर इस पर दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। अपना ट्रांसफर केंसिल कराने के लिए वे सिफारिश के प्रयास में लगे हुए हैं। नियम के मुताबिक नए स्थान पर ज्वाइनिंग नहीं देने के लिए उन्हें पदोन्नति छोड़नी होगी।*

### डीपीसी का करना होगा इंतजार

*पिछले दिनों डीपीसी के बाद वर्ष 2014 बैच के एसोसिएट प्रोफेसरों को प्रोफेसर बनाया गया था। आने वाले दिनों में वर्ष 2017 बैच के लोगों को भी इस पदोन्नति का लाभ मिलेगा। इसके बाद असिस्टेंट प्रोफेसर को सह-प्राध्यापक बनाने डीपीसी की जा सकती है। राज्य में इस बार सीजीपीएससी के माध्यम से सहायक प्राध्यपकों की भर्ती भी की गई है। पदोन्नति और भर्ती की इस प्रक्रिया से काफी हद तक नए चिकित्सा महाविद्यालयों में फैकल्टी की कमी को दूर किया जा सकता है।*

### फर्जी सिम से यूट्यूब में अश्लील वीडियो वायरल सहित साइबर फ्राड भी

# केबीसी के नाम पर ठगी में इस्तेमाल फर्जी सिम बेचने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*कौन बनेगा करोड़पति के नाम पर ठगी में इस्तेमाल किए गए फर्जी सिम को बेचने वाले दो पीओएस एजेंट को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी को छतरपुर मध्यप्रदेश तथा दूसरे को खैरागढ़ से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार इन फर्जी सिम से यूट्यूब में अश्लील विडियो वायरल करने सहित अन्य तरीके से साइबर फ्राड भी हुए हैं।*

पुलिस अधिकारियों ने फर्जी सिम बिक्री तथा गिरफ्तार आरोपियों के मामले का खुलासा करते हुए बताया कि ऑपरेशन साइबर शील्ड अंतर्गत इस मामले में लंबे समय से उमेश प्रजापति 23 वर्ष निवासी ग्राम मनकारी छतरपुर मध्यप्रदेश एवं मनोज देवांगन 29 वर्ष निवासी प्रकाशपुर चिचोला खैरागढ़ छत्तीसगढ़ की तलाश की जा रही थी।

इसके लिए पुलिस टीम को छतरपुर एवं खैरागढ़ भी भेजा गया था। पुलिस ने दोनों को सटीक जानकारी मिलने के बाद गिरफ्तार करने में सफलता पाई। इन आरोपियों में मनोज मुढ़ीपार खैरागढ़ में मोबाइल दुकान चलाता था, वहीं उमेश की छतरपुर में प्रजापति टेलीकॉम के नाम पर शॉप थी। दोनों फर्जी सिम बेचने का काम किया करते थे।



### ठगी से बचने साइबर पुलिस की अपील

- सोशल मीडिया पर अजनबियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट सोच-समझकर स्वीकार करें।
- अपनी फेसबुक और व्हाट्सऐप की प्राइवेसी सेटिंग्स सुरक्षित रखें, ताकि केवल परिचित लोग ही आपसे संपर्क कर सकें।
- यदि कोई वीडियो वायरल करने या पैसे मांगने की धमकी दे, तो घबराकर पैसे न भेजें, क्योंकि अधिकतर मामलों में पैसे देने के बाद भी ब्लैकमेल जारी रहता है। 0 धमकी मिलने पर सभी चैट, कॉल लॉग, स्क्रीनशॉट और संबंधित जानकारी सुरक्षित रखें। ये जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य होते हैं।
- अनजान व्यक्ति की वीडियो कॉल कभी स्वीकार न करें।
- कोई व्यक्ति अश्लील हरकत करने के लिए उकसाए तो तुरंत कॉल काट दें और उसे ब्लॉक कर दें।
- वीडियो कॉल के दौरान चेहरा, निजी गतिविधियां या आपत्तिजनक दृश्य साझा न करें।

### फर्जी सिम से फेसबुक में दोस्ती करने के बाद अश्लील वीडियो बनाकर करते थे ठगी

*पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों द्वारा बेचे गए फर्जी सिम से ठगी करने वाले अलग-अलग तरीके से साइबर ठगी को अंजाम दे चुके हैं। इनमें एक प्रकरण में गरियाबंद निवासी तेजराम पाठक से फेसबुक के माध्यम से ठग ने पहले फर्जी सिम के माध्यम से दोस्ती की। इसके बाद वाट्सप वीडियो कॉल कर वीडियो मार्फिंग कर प्रार्थी का अश्लील वीडियो बनाकर उसे यूट्यूब में वायरल करने की धमकी देकर 7 लाख 90 हजार रुपए की ठगी की। इस घटना की रिपोर्ट इंदागांव गरियाबंद में दर्ज है।*

### इस तरह फर्जी सिम बेचा करते थे दोनों एजेंट

*गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि नया सिम लेने, सिम पोर्ट कराने वाले कस्टमर का डबल थंब स्कैन एवं आई ब्लिंक कर ई-केवायसी के माध्यम से अतिरिक्त सिम चालू कर लेते थे। इस तरह जिस कस्टमर के पास आधार कार्ड की फिजिकल कॉपी होती थी, उसका विवरण स्वयं ही वेरीफाई कर केवायसी के माध्यम से अतिरिक्त सिम चालू करते थे। इसके बाद इन फर्जी सिम को अधिक मूल्य पर अन्य साइबर अपराधियों को बेचा करते थे।*

### कौन बनेगा करोड़पति में इनाम की रकम से पहले टैक्स जमा करने के नाम पर ठगी

*फर्जी सिम के जरिए कई आरोपी कौन बनेगा करोड़पति में इनाम की राशि जीतने के नाम पर ठगी कर चुके हैं। रायपुर निवासी प्रमोद कुमार त्रिपाठी इसी प्रकार ठगी का शिकार हो चुका है। उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी सिम से कॉल कर कौन बनेगा करोड़पति में इनाम का विजेता होने की जानकारी देकर उससे इनाम की राशि ट्रांसफर करने से पहले टैक्स के रूप में पैसे अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। इस तरह इन दोनों प्रकरण में उन्हीं फर्जी सिम का उपयोग हुआ है, जिसे उमेश और मनोज ने फर्जी तरीके से बेचा था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।*

### इस तरह से भी हो रही ठगी, इससे भी बचें

- कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी), लक्की ड्रा, लॉटरी में इनाम जीतने के नाम पर भी हो रही ठगी। इससे बचने के लिए कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सऐप संदेश भेजकर कहे कि आपने इनाम-लॉटरी में करोड़ों रुपये जीते हैं, तो उस पर तुरंत विश्वास न करें।
- इनाम दिलाने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग चार्ज, टैक्स या जीएसटी जमा करने की मांग की जाए, तो कोई भुगतान न करें।
- लालच या जल्दबाजी में निर्णय न लें एवं जानकारी की पहले पुष्टि करें। यदि किसी ने ठगी का प्रयास किया है, तो चैट, कॉल रिकॉर्ड, स्क्रीनशॉट और भुगतान संबंधी जानकारी सुरक्षित रखें।
- अपने बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीसी, ओटीपी, यूपीआई पिन या नेट बैंकिंग की जानकारी किसी के साथ साझा न करें। सिर्फ सत्यापित और आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें। सोशल मीडिया या व्हाट्सऐप पर आए संदेशों पर भरोसा न करें।

# वर्षा संकट दूर कर कमजोर हुआ सिस्टम, सप्ताहभर बाद ही नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*मंगलवार को प्रदेश में सीमित स्थानों पर वर्षा, **तापमान बढ़ने लगा***



कम बारिश के संकट को दूर करने वाला निम्नदाब का क्षेत्र अब छत्तीसगढ़ के लिए कमजोर हो गया है। आने वाले सात दिनों तक यहां मूसलाधार वर्षा की उम्मीद कम है। लगातार चार दिनों तक पानी बरसने की वजह से काफी नीचे जा चुके तापमान में अब बढ़ोतरी होने लगी है। मंगलवार को राज्य के सीमित स्थानों पर ही वर्षा की गतिविधि बनी रही। अब जुलाई के दूसरे सप्ताह में भी अच्छी बारिश के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई उम्मीद बन सकती है।

जानकारों का कहना है, काफी इंतजार के बाद तैयार हुआ सिस्टम कुछ ज्यादा ही दिनों तक ही बंगाल की खाड़ी में ठहर गया था। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में अतिभारी बारिश हुई थी। मानसून आने के बाद पहली बार तैयार हुआ यह सिस्टम छत्तीसगढ़ को चिंतामुक्त करने वाला साबित हुआ। मंगलवार सुबह तक की स्थिति में राज्य में 235.5 मिमी. बारिश हो गई थी। मंगलवार को राजधानी समेत प्रदेश के बड़े हिस्से में काले बादल छाए रहे, इससे माहौल तो बना, मगर बारिश नहीं हो पाई। रायपुर समेत राद्य के कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी इलाकों में वर्षा की गतिविधि ना के बराबर रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पूर्वी मध्य प्रदेश और उसके आसपास स्थित है। इसके धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम में आगे बढ़ते हुए दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश की ओर पहुंचने और आगे बढ़ते हुए कमजोर होने की भी संभावना है। सीजनल द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से बंग्लादेश तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए मध्य समुद्र तल पर स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से बांग्लादेश तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए विस्तारित है। बुधवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही 30 डिग्री तक पहुंच चुके अधिकतम तापमान में और वृद्धि संभावित है।

## तिल्दा में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, सिंधी महापंचायत की बैठक



**रायपुर।** तिल्दा में होने जा रहे प्रदेश स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत देवेंद्र नगर की आवश्यक बैठक बुलाई गई। महापंचायत के प्रदेश प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि आज की महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख वक्ता संस्थापक श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव जीतू बड़वानी, कार्यक्रम संयोजक चेतन तारवानी, इंदर डोडवानी, किशोर आहूजा ने अत्यंत गंभीर विषयों पर चर्चा की। पहला अधिक उम्र के युवकों का 30-40 वर्ष के बीच भी विवाह नहीं हो पाना, जिसका मुख्य कारण शिक्षा का अभाव भी है, शिक्षित युवतियां शिक्षित युवा चाहती है, जबकि लड़के 17-18 वर्ष की उम्र में दुकानदारी और प्राइवेट नौकरी में लग जाते हैं।

## बिजनेस साइट

### घर बैठे ऑनलाइन होगी आरडीए संपत्तियों की बुकिंग



**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने अपनी संपत्तियों की बुकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब नागरिक बिना कार्यालय पहुंचे आरडीए की वेबसाइट के माध्यम से घर बैठे आवेदन और बुकिंग कर सकेंगे। फिलहाल कमल विहार और रावभाटा सहित विभिन्न योजनाओं की करीब 121 आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियां ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं। कमल विहार में फ्लैट, आवासीय और व्यावसायिक भूखंड, जबकि रावभाटा में व्यावसायिक संपत्तियां बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं। कमजोर एवं निम्न आयवर्ग के लिए निर्मित आवास भी पोर्टल में शामिल किए गए हैं। ऑनलाइन बुकिंग के साथ हितग्राही अब वेबसाइट के जरिए मेंटेनेंस शुल्क का डिजिटल भुगतान भी कर सकेंगे। आरडीए अध्यक्ष नंदे साहू ने कहा कि नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का समय बचेगा। वहीं, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अवनीश कुमार शरण ने बताया कि लंबे समय बाद सभी उपलब्ध संपत्तियों को एक साथ ऑनलाइन पोर्टल पर लाइव किया गया है, जिससे आवेदन, भुगतान और आवंटन की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सरल, तेज और पारदर्शी होगी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने सैलरी पैकेज के तहत 10 लाख का दावा भुगतान किया

*रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहक हित एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट एम्प्लॉइज सैलरी पैकेज के अंतर्गत दिवंगत कमलेश मंडावी की धर्मपत्नी राखी मंडावी को 10 लाख की दावा राशि का चेक प्रदान किया। चेक का वितरण कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल प्रमुख दिवाकर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर दिवाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि बैंक कठिन परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों तक त्वरित आर्थिक सहायता पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता है, ताकि उन्हें समय पर वित्तीय संबल मिल सके। उन्होंने बताया कि बैंक के विभिन्न सैलरी पैकेजों के तहत राज्य एवं केंद्र सरकार के कर्मचारी, पुलिस बल, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सशस्त्र बल, सार्वजनिक उपक्रमों तथा कॉर्पोरेट क्षेत्र के कर्मचारियों को बीमा और वित्तीय सुरक्षा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।*



## पेज 11 के शेष

### प्राकृतिक बहाव से खारुन...

गंगरेल के भरोसे नहीं रहेगा। कुदरत की नेमत से आने वाले 3 माह तक प्राकृतिक बहाव से मिलने वाला पानी शहर की प्यास बुझाने के काम आएगा। गंगरेल डेम से नगर निगम ने सोमवार से रॉ वाटर लेना बंद कर दिया है, इसकी प्रमुख वजह खारुन नदी से प्राकृतिक स्त्रोतों से भरपूर पानी मिलना है। जल विभाग के अधिकारी का कहना है कि पहले जून से लेकर सितंबर तक शहरवासियों के लिए खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से भरपूर पानी छलछलाने की नौबत आती थी, फिर मौसम के बदलते सिस्टम के कारण यह अवधि 4 माह से घटकर तीन माह में सिमट कर रह गई, यानी कुल मिलाकर जून से अगस्त तक प्राकृतिक बहाव से मिलने वाला पानी इस बार जुलाई से सितंबर लोगों की प्यास बुझाने के काम आएगा। हालांकि शहर के कुछ इलाकों में भी अभी पेयजल की किल्लत दूर करने नगर निगम को पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति करनी पड़ रही है।

### पानी में मटमैना ज्यादा शुद्ध...

बढ़ाकर प्रतिदिन 15 टन कर दी है। यानी रॉ वाटर की टरबिलिटी दूर करने तीन गुना ज्यादा एलम की खपत हो रही है। इसके साथ ही चूना व ब्लीचिंग पावडर का डोज बढ़ाना पड़ा है। इस समय चूना की मात्रा प्रतिदिन 1.5 टन और पानी साफ करने ब्लीचिंग पावडर का डोज 3 टन किया गया है। वर्तमान में रायपुर नगर शहर में स्थित अपनी 43 नई व पुरानी पानी टंकियों के जरिए दस जोन स्थित 70 वार्डों में प्रतिदिन 290 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कर रहा है।

### पीएससी के पाठ्यक्रम में होगा...

परिवर्तन संबंधित विचार प्रेषित करने के लिए कैंडिडेट्स को सूचना जारी होने से लेकर आगामी एक माह का समय दिया गया है। इस संबंध में आधिकारिक सूचना पीएससी ने अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### टेंट डेकोरेशन फ्लावर दुकान...

में रहने वालों को आग लगने की सूचना देकर उन्हें सावधान किया।

### पुलिस लाइन का छोटा गेट भी...

अब जान जोखिम में डालकर गेट पर चढ़कर इसे फांदना पड़ रहा है।

### दिनभर फांदते रहे पुलिस कर्मी...

चढ़कर उसे फांद रहे हैं। इस दौरान अगर कोई चूक होती है, तो पुलिस कर्मी गंभीर रूप से चोटिल भी हो सकते हैं। पुलिस कर्मियों के अलावा इस गेट से कई आम लोग भी आना-जाना करते थे। पुलिस कर्मियों को देखकर आम लोगों ने भी अब इस गेट को फांदना शुरू कर दिया है।

### मुख्य सचिव की यूनिसेफ के साथ राज्य स्तरीय बैठक

**रायपुर।** मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में यूनिसेफ के साथ राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु पोषण को बेहतर बनाने और गर्भवती महिलाओं तक सही पोषण संबंधी जानकारी पहुंचाने पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आवश्यक देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रभावी मॉडल तैयार किया जाए, जिससे राज्य के प्रत्येक माता और बच्चे को पौष्टिक आहार मिल सके तथा उनका स्वास्थ्य बेहतर हो।

**PUBLIC NOTICE**

The General Public is hereby informed that **MATRIX TRADING TECH**, A SEBI Registered Research Analyst is going to **Surrender its SEBI Registration No. INH000019035** and **BSE Enlistment Number 6447**, and if anyone has any grievances, they can lodge the grievances at https://scores.sebi.gov.in/ within 15 days of the date of notice.

Accordingly, I will cease to act as a Research Analyst

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / 649 / नामा. / न.पं. / 2026-27
चंदखुरी, दिनांक 01/07/26

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नीचे निर्दिष्ट कॉलम (2) में दर्शित आवेदिका से छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट परिसंपत्ति को नगर पंचायत चंदखुरी के कर मांग पंजी में अपने नाम पर नामान्तरण किए जाने इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और उक्त परिसंपत्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में नामान्तरण हेतु विचाराधीन है -

**क्र. 1. आवेदक का नाम**- श्री भारत भूषण वर्मा पिता/पति कमलनारायण वर्मा नगर चंदखुरी (छ.ग.), **आवेदक/ हस्तांतरणकर्ता का नाम/ पिता/पति का नाम पता**- श्री कमलनारायण वर्मा पिता हजारीलाल वर्मा नगर चंदखुरी रायपुर, **नामांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि/भवन का वार्ड क्र. एवं लैण्डमार्क**- वार्ड क्र. 03 माता कौशल्या वार्ड नगर पंचायत चंदखुरी, **भूमि/भवन खसरा नं.**- खसरा न. 437-163 का भाग, **रकबा**- 600 वर्ग फीट, **नामांतरण का साधन/आधार/रिमार्क**- बटवारानामा/ आपसी सहमति पत्र

अतः ऊपर उल्लेखित परिसंपत्ति के नामान्तरण किये जाने से किसी व्यक्ति/वारिसान या अन्य को आपत्ति होतो वे अपना दावा-आपत्ति तथ्यात्मक कारणों तथा उससे संबंधित प्रमाणिक अभिलेखों सहित ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते है।

नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा दावा मान्य नहीं होगा तथा यह मानकर कि उक्त परिसंपत्ति निर्विवाद है, प्रकरण पर नामान्तरण की एक तरफा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी,**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक / B47/ नामा / न.प. / 2026-27**
**चंदखुरी, दिनांक 01-07-2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नीचे निर्दिष्ट कॉलम (2) में दर्शित आवेदिका से छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत कॉलम (3) मे विनिर्दिष्ट परिसंपत्ति को नगर पंचायत चंदखुरी के कर मांग पंजी में अपने नाम पर नामान्तरण किए जाने इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और उक्त परिसंपत्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में नामान्तरण हेतु विचाराधीन है

क्र. 1, आवेदक का नाम- श्री रविकुमार वर्मा पिता/पति कमलनारायण वर्मा नगर चंदखुरी (छ.ग.), आवेदक / हस्तातरणकर्ता का नाम / पिता / पति का नाम पता- श्री कमलनारायाण वर्मा पिता हजारीलाल वर्मा नगर चंदखुरी रायपुर, नामांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि / भवन का वार्ड क्र. एवं लैण्डमार्क- वार्ड क्र. 03 माता कौशल्या वार्ड -नगर पंचायत चंदखुरी, भूमि / भवन खसरा नं.- 437-163का भाग, रकबा-600 वर्ग फीट, नामांतरण का साधन / आधार / रिमार्क- बंटवारानामा / आपसी सहमति पत्र।

अतः ऊपर उल्लेखित परिसंपत्ति के नामान्तरण किये जाने से किसी व्यक्ति / वारिसान या अन्य को आपत्ति होतो वें अपना दावा-आपत्ति तथ्यात्मक कारणों तथा उससे संबंधित प्रमाणिक अभिलेखों सहित ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे उपस्थित होकर कर सकते है।

नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा दावामान्य नही होगा तथा यह मानकर कि उक्त परिसंपत्ति निर्विवाद है, प्रकरण पर नामान्तरण की एक तरफा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत**
**चंदखुरी जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार**

प्रोसेस क्र. 150/2026
प्र.क्र. 55/2025
पेशी तारीख 05/08/2026

**मोइना सिद्दिकी** — **आवेदक/वादी**
**बनाम**
**गुलनाज अंजूम** — **अनावेदक/प्रतिवादी**

उपरोक्त आवेदक/वादी मोइना सिद्दिकी ने अनावेदक/प्रतिवादी गुलनाज अंजूम के विरुद्ध अंतर्गत धारा 12 (1) घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के तहत न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक-05-08-2026 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक/प्रतिवादी 01) गुलनाज अंजुम, उम्र लगभग 29 वर्ष, पति मोहम्मद आसिफ अहमद, पता द्वारा श्री शाहिद खान, शिव नगर संतोषी नगर जिला रायपुर छ०ग० को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 05-08-2026 को दिन 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 06-07-2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

### वाहन हटाने की बात पर पीटा, केस दर्ज



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी श्रेयांश भंसाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 जुलाई की रात करीब 11 बजे सुंदरनगर स्थित उसके घर के सामने आरोपी रितेश शुक्ला ने अपनी वाहन को पार्क किया। श्रेयांश ने जब वाहन को हटाने के लिए कहा तो इस बात पर विवाद करते हुए आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने मामले में धारा 296, 351-2, 115-2, 333 के तहत अपराध दर्ज किया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटनों के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर कैट की पहल को मिला रिस्पांस, समाधान की दिशा में कदम

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव के सहयोग से विभागीय सचिव के साथ विस्तार से हुई चर्चा : पारवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट के वाइस राष्ट्रीय चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर. संगीता के साथ बैठक कर ट्रेड लाइसेंस नियम 2025 के अंतर्गत प्रस्तावित व्यापार अनुज्ञा शुल्क वृद्धि से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव को बताया कि प्रदेश के 12 लाख से अधिक व्यापारी राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन एवं राजस्व वृद्धि का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में ट्रेड लाइसेंस शुल्क में अत्यधिक वृद्धि का सबसे अधिक प्रभाव छोटे एवं मध्यम व्यापारियों, पारंपारिक व्यवसायों तथा स्थानीय बाजारों पर पड़ेगा। इसलिए शुल्क निर्धारण व्यावहारिक, न्यायसंगत एवं व्यापार अनुकूल होना आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न व्यापारिक वर्गों से प्राप्त सुझावों एवं व्यावहारिक कठिनाइयों को विस्तार से रखते हुए शुल्क संरचना की पुनर्समीक्षा का आग्रह किया। सचिव आर. संगीता ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से सुना तथा विषय के प्रत्येक पहलू का विस्तृत अध्ययन कर व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई एवं युक्तिसंगत समाधान की दिशा में विचार करने का आश्वासन दिया।



### व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुना

कैट छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश के लाखों व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं व्यापार करने की सुगमता सुनिश्चित करने की दिशा में कैट छत्तीसगढ़ की पहल लगातार सकारात्मक परिणाम की ओर बढ़ रही है। राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी ने कहा कि यह बैठक उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के सकारात्मक सहयोग के परिणामस्वरूप विषय विभागीय स्तर तक पहुंचा है, जहां व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुना गया है। उन्हें विश्वास है कि शासन व्यापारी हितों एवं प्रदेश के आर्थिक विकास के मध्य संतुलन बनाते हुए एक व्यावहारिक एवं सर्व हितकारी निर्णय लेगा। बैठक में कैट छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अमर पारवानी, परमानंद जैन, जय नानवानी, कन्हैया गुप्ता एवं नवीन शर्मा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सिंधी समाज ने एल्डरमैन पार्षद राजू का किया सम्मान



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी एवं छग शासन द्वारा वरिष्ठ नेता सिंधी समाज के राजू राघवानी को रायपुर नगर निगम में एल्डरमैन पार्षद मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए छग पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय तेलीबांधा में मंगलवार को श्री राघवानी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छग पूज्य सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने सिंधी समाज से संपूर्ण छत्तीसगढ़ से एल्डरमैन बनाए जाने पर छग शासन एवं भाजपा का आभार व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया। यह जानकारी संस्था के सह प्रवक्ता गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि सम्मान कार्यक्रम में बाबा मुरलीधर उदासी, महेश दरयानी, भरत बजाज, बलराम आहूजा, अजीत मोटवानी, अमर चंदनानी, विनोद संतवाणी, मनीष पंजवानी, बबला होतवानी, गिरीश लहेजा, मनीष आहूजा, झामनदास बजाज आदि उपस्थित थे।

### यंग इंडियन पार्लियामेंट 2.0 कार्यशाला आज से

**रायपुर।** यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर द्वारा दो दिवसीय 8 से 9 जुलाई तक "यंग इंडियन पार्लियामेंट 2.0" कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पुराना विधानसभा स्थित असेंबली हॉल में सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यशाला में शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 145 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतिभागी यंग विधायक की भूमिका निभाते हुए देश के समकालीन राष्ट्रीय मुद्दों, विभिन्न मंत्रालयों, नीतियों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान संसदीय कार्यवाही की तर्ज पर वाद-विवाद, तर्क-वितर्क, प्रश्नकाल, स्पीकर का चयन, मुख्यमंत्री एवं राजनीतिक दलों का गठन तथा अंत में एक विधेयक (बिल) पारित करने की पूरी प्रक्रिया का जीवंत मंचन किया जाएगा। इस मॉक पार्लियामेंट का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना, नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, प्रभावी संवाद और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।

### कुशालपुर रामलीला मैदान बना नशेड़ियों का अड्डा

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुशालपुर के ऐतिहासिक रामलीला (दशहरा) मैदान में इन दिनों असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का जमावड़ा इस कदर बढ़ गया है कि आसपास के नागरिकों का जीना दूभर हो चुका है। इस गंभीर समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सदस्य (छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल) एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने पुलिस प्रशासन से तत्काल इस पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री ठाकुर ने बताया कि कुशालपुर का रामलीला मैदान, जो सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र होना चाहिए, वह वर्तमान में नशेड़ियों के संरक्षण स्थल में तब्दील हो चुका है। दिन ढलते ही यहां असामाजिक तत्वों का डेरा जम जाता है। मनोज सिंह ठाकुर ने रायपुर पुलिस और पुरानी बस्ती थाना प्रभारी से मांग की है कि रामलीला मैदान में तत्काल पुलिस की गश्त (पेट्रोलिंग) बढ़ाई जाए। यदि पुलिस प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एक्शन नहीं लिया और मैदान को नशेड़ियों के चंगुल से मुक्त नहीं कराया तो स्थानीय नागरिकों को साथ लेकर उग्र आंदोलन और थाने का घेराव करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### औषधि व खाद्य लैब असिस्टेंट के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यापम ने लैब असिस्टेंट (औषधि) व लैब असिस्टेंट (खाद्य) के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। अभ्यर्थी 31 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत ये भर्ती होगी। परीक्षा 20 सितंबर को आयोजित की जाएगी। पांच संभागीय जिला मुख्यालयों में इसके लिए केंद्र बनाए जाएंगे। पात्रता सहित अन्य जानकारी व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

## निगम के पर्यावरण उद्यानिकी विभाग के पास केवल एक टावर लोडर

# पेड़ों की झुरमुट से ढंकी स्ट्रीट लाइटें अंधेरा छाने से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग एवं बिजली विभाग ने मानसून पूर्व शहर के विभिन्न इलाकों में पेड़ पौधों की बेतरतीब टहनियों की कटाई छंटाई का काम अब तक पूरा नहीं किया है, इससे शहर के आमापारा, समता कालोनी, देवेंद्र नगर, पुरानी बस्ती, भाठागांव, खमतराई, रायपुरा सहित अन्य इलाकों में प्रकाश की व्यवस्था के लिए लगाए गए स्ट्रीट लाइट पोल की ज्यादातर लाइटें झुरमुट में खोकर रह गई हैं। तेज आंधी व बारिश के दौरान इन मार्गो से होकर आने-जाने वालों को पेड़ पौधों के झुरमट के पीछे स्ट्रीट लाइट की रोशनी दबने से अंधेरे में दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यही नहीं, बारिश के दौरान पेड़ पौधों की टहनियां विद्युत पोल के संपर्क में होने के कारण करंट होने का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय रहवासियों और वार्ड पार्षद द्वारा पेड़ों के झुरमुट की सफाई और बेतरतीब फैली टहनियों के कटाई छंटाई के लिए निगम मुख्यालय के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग में शिकायत की जा रही है, पर समय में टावर लोडर उपलब्ध नहीं होने से लोग परेशान हैं।

### टहनियों की कटाई, छंटाई में देर



### पोल है पर सड़क पर नहीं पहुंच रही लाइट

राजधानी के व्यस्त क्षेत्र कहे जाने वाले टाटीबंध इलाके में स्ट्रीट पोल से लगकर पेड़ की टहनियां और पत्तों का झुरमुट आने से स्ट्रीट लाइट की रोशनी पेड़ पौधों में गुम हो जा रही है। सड़क पर रोशनी नहीं पहुंचने से रात के समय इस मार्ग पर आने-जाने वाले हजारों लोगों को अंधेरे मार्ग में दुघर्टना का खतरा बना हुआ है। ट्रैफिक का दबाव इस क्षेत्र में ज्यादा होने और बारिश पूर्व पेड़ पौधों की कटाई-छंटाई नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

### एक और टावर लोडर की करेंगे व्यवस्था

शहर में आंधी तूफान और बारिश के सीजन में स्ट्रीट पोल से लगे पेड़ पौधों की कटाई छंटाई कराने संसाधन की कमी है। नगर निगम के पास एक टावर लोडर गाड़ी है, इसकी जरूरत को देखते हुए जल्द प्लान कर एक और टावर लोडर गाड़ी की व्यवस्था कराई जाएगी।

- **मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम रायपुर

### निगम के पास एक टावर लोडर, दूसरा टावर लोडर खरीदने प्रस्ताव गया

हैरानी की बात ये है नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्ड के लिए पर्यावरण एवं उद्यानिक विभाग के पास केवल एक टावर लोडर है, दूसरा नया टावर लोडर खरीदने का प्रस्ताव एमआईसी से स्वीकृत होने के बाद भी अब तक खरीदा नहीं जा सका। विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू ने बताया कि निगम के बिजली विभाग और उद्यान विभाग इसी टावर लोडर का उपयोग कर रहे हैं। जोन एवं वार्ड से पेड़ पौधों की कटाई छंटाई या पेड़ गिरने की शिकायत मिलने पर संबंधित जोन को उपलब्ध कराया जाता है। हमने एक लोडर और एक टावर गाड़ी खरीदने का प्रस्ताव बनाकर भेजा है। एमआईसी से स्वीकृति मिली है, खरीदी के लिए टेंडर होगा।

### आमापारा मेन रोड में झुरमुट की सफाई, खमतराई के शिवानंद नगर

सूत्रों के मुताबिक उद्यान विभाग द्वारा नगर निगम जोन 7 की मांग पर आमापारा मुख्य मार्ग किनारे बड़े पेड़ पौधों के शाखा कटाई छंटाई कराई गई है, स्ट्रीट पोल से लगे टहनियों को मशीन से काटकर अलग किया जा रहा है। इसके अलावा रायपुर पश्चिम क्षेत्र के समता कालोनी क्षेत्र में टावर लोडर भेजने की मांग आई है। नगर निगम जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू ने वीर शिवाजी वार्ड के शिवानंद नगर खमतराई और सन्यासी पारा के लिए बिजली पोल के पास अव्यवस्थित रूप से फैले पेड़ों की टहनियां छटाई के लिए मुख्यालय से टावर लोडर की मांग की है। लेकिन सप्ताह भर बाद भी वहां मशीन उपलब्ध नहीं करा पाए।

# छग सहित देशभर में एनएसयूआई के संगठनात्मक चुनाव की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने संगठनात्मक चुनावों का ऐलान कर दिया है। अब छत्तीसगढ़ सहित देश के सभी राज्यों में नई कार्यकारिणी का गठन होगा।पार्टी ने हर सरकारी और निजी कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान तक पहुंचने का रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत एनएसयूआई देशभर में संगठनात्मक चुनाव कराएगी।जो उम्मीदवार कॉलेज या विश्वविद्यालय स्तर का चुनाव जीतेगा, वही एनएसयूआई का आधिकारिक प्रतिनिधि बनेगा। आगे चलकर इन्हीं प्रतिनिधियों में से प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का भी चयन किया जाएगा। राज्यों के लिए मतदान की सटीक तारीखें चरणबद्ध तरीके से जारी की जाएंगी। प्रारंभिक सदस्यता अभियान के बाद, प्रत्येक राज्य में मुख्य चुनाव प्राधिकरण (सीईए) द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। एनएसयूआई ने संगठनात्मक चुनाव के लिए तीन मुख्य सिद्धांत तय किए हैं। पहला, चुनाव सभी छात्रों के लिए खुले होंगे। दूसरा, सदस्यता और चुनाव प्रक्रिया सभी के लिए आसान और सुलभ होगी। तीसरा, चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाएगी।

- देशभर में तैयार होगी एनएसयूआई की नई कार्यकारिणी

### दो चरण में होंगे चुनाव

चुनाव दो चरणों में कराए जाएंगे। पहले चरण में सभी राज्यों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद कॉलेज और विश्वविद्यालय अध्यक्षों का चुनाव होगा। दूसरे चरण में चुने गए कॉलेज और विश्वविद्यालय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष, जिला समिति, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश समिति का चुनाव करेंगे। सदस्य बनने के लिए कुछ शर्तें भी तय की गई हैं। इन शर्तों के अनुसार, आवेदक का भारतीय नागरिक होना जरूरी होगा। उसे भारत के संविधान में आस्था रखनी होगी और उसे किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान का छात्र होना चाहिए।

### जरूरी होगा कॉलेज का पहचान पत्र

सदस्यता के लिए आयु सीमा 16 से 27 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ कॉलेज का पहचान पत्र और आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य होगा। एनएसयूआई ने सदस्यता शुल्क तीन साल के लिए 45 रुपए तय किया है। संगठनक का मानना है कि इस नई व्यवस्था के जरिए एनएसयूआई जमीनी स्तर पर मजबूत होगी और छात्रों को सीधे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# संविदा विद्युत कर्मचारियों का आंदोलन समाप्त, डॉ. रमन से चर्चा के बाद लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ पिछले 16 दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन मंगलवार को समाप्त हो गया। संघ के प्रतिनिधि मंडल की छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पॉवर कंपनी प्रबंधन के साथ हुई चर्चा के बाद सकारात्मक आश्वासन मिलने से संघ ने अपना आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया।

छत्तीसगढ़ विद्यूत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी विभाग में समायोजन कर नियमितीकरण करने की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन कर शासन का ध्यान अपने लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराया।

मंगलवार को छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष हरी चरण साहू ,प्रदेश महामंत्री कमलेश भारद्वाज, संयुक्त महामंत्री योगेश साहू सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत संविदा कर्मचारियों की एक सूत्री मांग को प्रमुखता से रखा। विधान सभा अध्यक्ष ने संघ के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर शासन एवं कंपनी प्रबंधन स्तर पर प्राथमिकता से विचार कर जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग को दूरभाष के माध्यम से संघ की मांग की समीक्षा कर शीघ्र समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डॉ. रमन सिंह की पहल के बाद संघ ने आंदोलन को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की घोषणा की।

**धरातल पर आम जनता को नहीं मिला लाभ**

# वार्ड एक्शन प्लान पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा- फाइलें धूल खा रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम की विशेष सामान्य सभा में 70 वार्डों की अलग-अलग योजनाएं बनाने के वार्ड एक्शन प्लान पर कहा, चयनित आर्किटेक्ट द्वारा बनाई गई वह फाइलें अधिकारियों के कमरों में धूल खा रही हैं। उनका फाइलों का क्या होगा, वह बातें भूल गए । नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सदन में बताया कि उन आर्किटेक्ट को आज तक पैसा नहीं मिल पाया, जो 70 वार्डों के विकाश के प्लान बनाने में शामिल थे।



इसीलिए वार्ड विकास के खोखले दावे हैं, जो केवल लोकलुभावने साबित हुए, इसमें शहरी सरकार फेल रही। श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व की सामान्य सभा में में प्रश्नकाल के दौरान बारिश के समय होने वाले जल भराव की क्या तैयारी क्या है, इस पर प्रश्न किया? सदन में उनको लिखित जवाब मिला था पर ये जवाब खोखला साबित हुआ। उस उत्तर की कापी को नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सदन में फाड़ कर शहरी सरकार के दावों को खोखला कहा।

# वर्गफीट आधारित पंजीकरण शुल्क व्यवस्था को समाप्त करने चैंबर ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर छत्तीसगढ़ नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम, 2025 में लागू वर्गफीट आधारित पंजीकरण शुल्क व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इसके स्थान पर न्यायसंगत लाइसेंसवार फ्लैट शुल्क प्रणाली लागू करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

चैबर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सरकार द्वारा 43 प्रमुख व्यवसायों को ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से मुक्त करने का निर्णय स्वागत योग्य है और इससे प्रक्रियागत सरलीकरण को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन नियम-18 के तहत लागू वर्गफीट आधारित वार्षिक पंजीकरण शुल्क व्यापारियों के लिए राहत नहीं, बल्कि अतिरिक्त आर्थिक बोझ बनकर सामने आया है। नगर निगम क्षेत्रों में 6 रुपए प्रति वर्गफीट की दर से अधिकतम 30 हजार तक वार्षिक शुल्क निर्धारित किए जाने से विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यापारी प्रभावित होंगे।



चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को केवल उठाना ही नहीं, बल्कि उनका व्यावहारिक समाधान सरकार तक पहुँचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ प्रदेशभर से प्राप्त सुझावों और व्यापारियों की चिंताओं का अध्ययन कर यह मांगपत्र तैयार किया गया है। चैंबर का उद्देश्य किसी निर्णय का विरोध करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराना है जिससे व्यापार सरल हो और व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि वर्गफीट आधारित शुल्क व्यवस्था से दुकानों की नाप-जोख के नाम पर निरीक्षण, विवाद और भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ेगी। इसलिए वर्गफुट आधारित शुल्क समाप्त कर सभी व्यापारियों के लिए लाइसेंसवार फ्लैट शुल्क लागू किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, चैंबर संरक्षक एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, वाइस चेयरमैन चेतन तारवानी, सलाहकार-अमर गिदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष राजेश पोपटानी, मनीष प्रजापति, जितेंद्र शादीजा, दिलीप इसरानी, ट्रांसपोर्ट चेम्बर अध्यक्ष-हरचरण सिंह साहनी, आलू प्याज आढ़तिया संघ के अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल एवं सदस्य-विजय गोयल, गोल्डी सुराना प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पूर्व विधायक उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदर्शन

# सड़क, बिजली और पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया जोन 7 दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 7 के रामनगर क्षेत्र के 2 वार्डो में जलभराव और नागरिक समस्याओं को लेकर मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार-शंकर मेनन, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने जोन 7 दफ्तर का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर उतरकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था, खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत, पानी और बिजली की समस्या को लेकर जमकर नारेबाजी की।



दरअसल, रामनगर क्षेत्र के भरत नगर, लक्ष्मण नगर, गोकुल नगर और कृष्णा नगर बाजार पारा क्षेत्रों में लगातार जल भराव से रहवासी परेशान हैं। प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि खालबाड़ा केनाल रोड एवं रामनगर कोटा केनाल रोड दोनों मार्ग के नीचे बने चैम्बर सफाई की लापरवाही के चलते गंदा पानी ओवरफ्लो हो कर बह रहा है। इससे गंभीर बीमारी होने की आशंका है ।

अग्रसेन चौक के गणेश मंदिर के सामने दोपहर बारह बजे जोन कार्यालय घेरने पहुंचे प्रदर्शन करियों को पुलिस प्रशासन ने वहां पहुंच कर बैरिकेडिंग कर रोकने का प्रयास किया। प्रदर्शन के दौरान जोन आयुक्त तृप्ति पाणिग्रही ने प्रदर्शनकारियों से कार्यालय में बैठ कर समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार-शंकर मेनन ने नगर निगम की चरमराई व्यवस्था के लिए महापौर और उनकी परिषद को जिम्मेदार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि 9 इंजिन की सरकार होने के बाद भी पूरा शहर नगर निगम की नाकामी से त्रस्त हो चुका है। नगर निगम सिर्फ टैक्स वसूली का माध्यम बना हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी आम जनता की समस्याओं के प्रति अपनी जवाबदेही से भाग रहे हैं ।

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने नगर निगम में विधायक राजेश मुणत के हस्तक्षेप के कारण पूरे पश्चिम के वार्डो में लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया है । उनका ये भी कहना था कि कांग्रेस के समय के स्वीकृत कार्यो को ही अभी तक ना करा पाना आश्चर्य की बात है।

प्रदर्शन के बाद 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है, प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि समस्याओं का समय रहते निदान नहीं होने पर निगम मुख्यालय के साथ ही विधायक राजेश मूणत के बंगले का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद मणिराम साहू , संतोष साहू ,देवकुमार साहू ,ईश्वरी नामदेव , भगवत साहू , अरविंद त्रेहान, हेमू रति, तोरण साहू रतन डोंगरे सुनील चौहान कृष्णा शर्मा, अजीत जगत, सुरेश जैन, मुकेश कुकरेजा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



बारिश होते ही बढ़ी सांपों की आमद, घरों ...

## लाइव इवेंट

# रोजगार मेले में आठ कंपनियों ने 65 छात्राओं से लिया साक्षात्कार



**रायपुर।** संत गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर में मंगलवार को लक्ष्य फाउंडेशन, बेंगलुरु के सहयोग से रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऊषा किरण अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्राओं का साक्षात्कार लिया। कार्यक्रम में यूनिसेफ दिल्ली के प्रतिनिधि अनिरुद्ध राज, लक्ष्य फाउंडेशन की प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभुजीत कौर तथा प्लेसमेंट मैनेजर हिमांशु साहू की सहभागिता रही। आठ कंपनियों के मानव संसाधन (एचआर) प्रतिनिधियों ने लगभग 65 महाविद्यालयीन छात्राओं का साक्षात्कार लिया। लक्ष्य फाउंडेशन की स्थापना वर्ष 2008 में रेवती कस्तूरी द्वारा बेंगलुरु में की गई थी। संस्था व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार योग्यता से जुड़े कार्यक्रम संचालित करती है।

### रोजगार के अवसर देकर कर रहे मदद

प्रोजेक्ट मैनेजर प्रभुजीत कौर और प्लेसमेंट मैनेजर हिमांशु साहू छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं। दोनों विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और नियोक्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर और प्लेसमेंट सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।रोजगार मेले के आयोजन में महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. अंजना पुरोहित, सदस्य डॉ. संगीता झा, रंजना, पूजा यादव, डॉ. माधुरी श्रीवास्तव तथा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## सिटी इवेंट

# एक माह के विशेष प्रशिक्षण सत्र का समापन बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां



**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित वेदाचार्य द क्रिएशन वर्ल्ड एकेडमी में एक माह के विशेष प्रशिक्षण सत्र का उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। विशेष सत्र में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए मार्शल आर्ट, कराटे, भरतनाट्यम, मेहंदी, कंप्यूटर, हैंडराइटिंग, ड्रॉइंग तथा हिप-हॉप डांस का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं नन्हे बच्चों के लिए विशेष बेसिक क्लास भी संचालित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य किशोर सिन्हा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### शास्त्रीय शैली में दी प्रस्तुति

समापन समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का आकर्षक प्रदर्शन किया। शिव तांडव स्तुति एवं 'हे शारदे मां' पर शास्त्रीय शैली में प्रस्तुति दी गई, वहीं 'बम बम बोले' और 'कोका कोला तू' गीतों पर बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना बटोरी। फैंसी ड्रेस और रैंप वॉक के माध्यम से विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मंच संचालन कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति की अध्यक्ष मंजू परिहार, लक्ष्मी जायसवाल, मंदाकिनी पाल, विकास जायसवाल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

# श्रिया ने इंटरनेशनल बैकलॉरिएट डिप्लोमा प्रोग्राम में हासिल किए 45 में से पूरे 45 अंक



**रायपुर।** शहर की श्रिया श्रुति मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कोयंबटूर के चिन्मय इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल की छात्रा श्रिया ने इंटरनेशनल बैकलॉरिएट डिप्लोमा प्रोग्राम में 45 में से पूरे 45 अंक प्राप्त कर दुनिया के चुनिंदा विद्यार्थियों में अपना स्थान बनाया है। यह उपलब्धि आईबी जैसे विश्व के सबसे कठिन प्री-यूनिवर्सिटी पाठ्यक्रमों में बेहद दुर्लभ मानी जाती है। श्रिया ने हायर लेवल में गणित, फिजिक्स और इकोनॉमिक्स जैसे चुनौतीपूर्ण विषयों का अध्ययन किया। वहीं स्टैंडर्ड लेवल में केमिस्ट्री, अंग्रेजी और हिंदी विषय चुने। कठिन विषयों के इस संयोजन में पूर्ण अंक हासिल करना उनकी असाधारण प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है। बता दें कि श्रिया का जन्म रायपुर में हुआ है, जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रायपुर के ज्ञान गंगा एजुकेशनल अकादमी में तीसरी कक्षा तक प्राप्त की। इसके बाद वे छठवीं कक्षा में चिन्मय इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, कोयंबटूर में दाखिल हुईं।

### पढ़ाई के साथ खेल और थिएटर में भी रहीं आगे

श्रिया केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि थिएटर, खेलकूद और छात्र नेतृत्व गतिविधियों में भी सक्रिय रही हैं। उन्होंने पढ़ाई और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बीच शानदार संतुलन बनाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। श्रिया की मां सोनल वर्मा मिश्रा तमिलनाडु कैडर की आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में सीआरपीएफ, नई दिल्ली में महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता संतोष मिश्रा आईएएस अधिकारी रहे हैं और विभिन्न वरिष्ठ प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दोनों ने छत्तीसगढ़ में भी अलग-अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है।

## चेहरे के दाग और गड्ढे भरने महिलाएं करा रहीं पीलिंग और पॉलिशिंग ट्रीटमेंट

# खूबसूरती बढ़ाने कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट का ट्रेंड शादी से पहले प्लास्टिक सर्जरी का चलन भी

बढ़ती उम्र के साथ चेहरे की चमक भी धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है, लेकिन सुंदर दिखने की चाहत में अब महिलाओं और युवाओं के बीच कॉस्मेटिक व प्लास्टिक सर्जरी का चलन तेजी से बढ़ रहा है। सुंदरता बनाए रखने के लिए लोग सर्जन का रुख कर रहे हैं, ताकि उम्र बढ़ने के बाद भी चेहरा आकर्षक बना रहे। राजधानी में शादी से पहले युवतियां सर्जरी कराने पहुंच रही हैं। हरिभूमि ने वर्ल्ड स्क्रीन हेल्थ डे के अवसर पर कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जंस से बातचीत की। साथ ही चेहरे की सुंदरता बढ़ाने वाले बाजार में उपलब्ध उत्पादों की जानकारी भी ली गई। बाजार में 5 हजार से 20 हजार रुपए तक की क्रीम लोग खरीद रहे हैं। अकेले रायपुर में ब्यूटी प्रोडक्ट्स का व्यापार हर साल करोड़ों रुपए तक का हो चुका है।

**रायपुर।** सर्जन का कहना है कि अब लड़कियां ही नहीं, लड़के भी चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए गालों पर डिंपल बनवाने का ट्रीटमेंट करा रहे हैं। वहीं महिलाएं होंठों का कालापन दूर कर पिंक टोन के लिए ट्रीटमेंट करा रही हैं। शादी से पहले लोग मुंहासों के कारण चेहरे पर बने दाग-धब्बे और गड्ढों को भरने के लिए पीलिंग और पॉलिशिंग ट्रीटमेंट करा रहे हैं। जिनकी शादी तीन महीने बाद है, वे अभी से एक्सपर्ट से सलाह लेकर होंठों और गालों का ट्रीटमेंट करा रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक की सर्जरी और नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट कराने हर महीने 30 से 40 लोग पहुंच रहे हैं। शहर में इसकी मांग इतनी बढ़ गई है कि अब अस्पतालों में सर्जरी के लिए एक महीने पहले अपॉइंटमेंट लेना पड़ रहा है।


### सर्जरी से बना रहे बॉडी में सिक्स पैक एब्स

सुंदर दिखने के लिए सर्जरी कराने में लड़कियां भी पीछे नहीं हैं। सर्जरी के जरिए बॉडी में सिक्स पैक एब बनाए जा रहे हैं। मॉडलिंग करने वाले युवा इस तरह की सर्जरी करा रहे हैं। डॉक्टर का कहना है कि कम समय से पैक्स बनाने के लिए यह सर्जरी लोग कराते हैं। इसमें इनमें शरीर के वजन का 10 परसेंट फैट निकालकर बॉडी में कसावट लाई जाती है। अगर किसी का वेट 80 किलो है तो 8 केजी फैट निकाल दिया जाता है।




### 10 साल के लिए डार्क होंठ करा रहे पिंक

बचपन से डार्क हुए होंठों का रंग बदलवाने महिलाएं और युवतियां कॉस्मोलॉजिस्ट के पास पहुंच रही हैं। कॉस्मोलॉजिस्ट डॉ. भारती पांडेय ने बताया कि हर साल शादी के सीजन से तीन से चार महीने पहले चेहरे की सर्जरी कराने वालों की संख्या बढ़ जाती है। डार्क होंठों को सर्जरी के जरिए गुलाबी रंग दिया जा रहा है। ज्यादातर 25 से 30 साल लड़कियां यह ट्रीटमेंट करा रही हैं। होंठों का रंग 10 सालों तक रहता है। इसमें 15 से 30 हजार तक खर्च आता है। सर्जरी का दुष्प्रभाव नहीं होने से 40 से 50 उम्र की महिलाएं भी इसे करा रही हैं। हर महीने दर्जनभर से अधिक लोग उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।



### 50 प्लस वुमंस भी करा रहीं ब्रेस्ट सर्जरी

हर साल ब्रेस्ट सर्जरी की संख्या भी काफी बढ़ी है। यंग गर्ल्स के अलावा 50 प्लस महिलाएं भी इस सर्जरी को करा रही हैं। कॉस्मोलॉजिस्ट का कहना है कि कुछ सालों में ब्रेस्ट लिफ्टिंग सर्जरी में काफी इजाफा हुआ है। ट्रीटमेंट में 70 परसेंट अच्छा रिजल्ट आने के कारण लोगों का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि नॉन पेनफुल सर्जरी के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी भी आ गई है। हर महीने ब्रेस्ट सर्जरी के लिए दर्जनभर से अधिक लड़कियां और महिलाएं पहुंच रहीं। इस ट्रीटमेंट में 15000 से लेकर 30 हजार रुपए तक खर्च आता है।



### एक घंटे के अंदर बन जाता है डिंपल

सुंदर दिखने के लिए युवतियों में डिंपल और नाक की सर्जरी का ट्रेंड बीते पांच सालों में बढ़ा है। डॉ. आरएस तिवारी ने बताया कि 20 से 25 साल की लड़कियां सर्जरी करा रही हैं। इस ट्रीटमेंट में एक ही दिन में ओपीडी में ही सर्जरी हो जाती है। आधे से एक घंटे के अंदर डिंपल बन जाता है। लगभग 15 से 20 हजार रुपए में डिंपल क्रिएशन ट्रीटमेंट हो जाता है। इससे चेहरे की सुंदरता बढ़ जाती है। ट्रीटमेंट का अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। इसके अलावा दबी हुए नाक उठाने और सुंदर शेप में लाने के लिए लड़कियां नोज सर्जरी भी करा रही हैं। सर्जरी से नाक की हड्डी और स्किन में हल्का चेंज लाकर इसे सुधारा जाता है। इसे राइनो प्लास्टिक कहते हैं। ऐसी सर्जरी कराने वालों की संख्या अब शहर में बढ़ती जा रही है।

# चिकित्सक समाज के सच्चे जीवनरक्षक 15 वरिष्ठ डॉक्टरों का हुआ सम्मान

**रायपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी (जोन-27) द्वारा शांतिनगर स्थित विमतारा हॉल में डॉक्टरों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका व विशिष्ट अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि चिकित्सक केवल मरीजों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि अपने ज्ञान, सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं से समाज को स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का निस्वार्थ सेवा भाव पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी चिकित्सकों के समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज उनके योगदान का सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले लगभग 15 वरिष्ठ चिकित्सकों को प्रशस्तिपत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शहर के चिकित्सक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, जेसीआई पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



*सामाजिक गतिविधियों की दी जानकारी : जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी के अध्यक्ष डॉ. निखिल मोतीरमानी ने संस्था की ओर से संचालित स्वास्थ्य शिविरों, जनजागरूकता अभियानों और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं सचिव डॉ. अविनाश तिवारी ने कहा कि संस्था स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रही है। कार्यक्रम में श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज एवं ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक तथा संजीवनी कैंसर केयर एवं ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. यूसुफ मेमन विशेष अतिथि बतौर उपस्थित रहे।*

# शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत, मेधावी छात्रों के लिए पुरस्कार की घोषणा



**रायपुर।** पीजी उमाठे शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शांतिनगर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। कार्यक्रम में विधायक श्री मिश्रा ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का भी वितरण किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने घोषणा की कि इस वर्ष बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं कक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को उनकी ओर से 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय चोपड़ा, वार्ड पार्षद संजना संतोष हियाल, पालक समिति के अध्यक्ष सुनील चौधरी, विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विद्या सक्सेना, व्याख्याता आलोक दीक्षित, सुषमा दुबे, मीता शुक्ला, नीलम, मोहनी दास सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रेनकोट से लेकर टच-स्क्रीन पाउच तक, स्टूडेंट्स और ऑफिसर्स की पहली पसंद बने वाटरप्रूफ सामान

कार्नर न्यूज

# रेनकोट, छतरी से आगे निकले लोग, अब मोबाइल लैपटॉप बचाने के लिए खरीद रहे हाइटेक-गैजेट्स

**रायपुर।** मानसून की पहली झमाझम बारिश के साथ ही ट्विनसिटी के बाजारों का रंग बदल गया। सड़कें भीगने लगीं और दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी। इस बार बारिश सिर्फ छतरी और रेनकोट तक सीमित नहीं रही। महंगे मोबाइल, लैपटॉप और जरूरी दस्तावेजों को बचाने के लिए लोग अब वाटरप्रूफ गैजेट्स और एक्सेसरीज की दौड़ में लग गए हैं। स्टेशनरी और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों तक हर जगह एक ही चर्चा है कि बारिश में भीगकर बचने से ज्यादा जरुरी अपने सामान बचाना है। बारिश में सबसे बुनियादी और लोकप्रिय एक्सेसरी है वाटरप्रूफ पाउच। ये पारदर्शी पाउच टच-स्क्रीन फ्रेंडली होते हैं। मतलब पाउच में रखकर भी फोन चलाया जा सकता है। नेविगेशन के लिए बाइक-स्कूटी चलाने वालों के लिए ये वरदान साबित हो रहे हैं। बाजार में इनकी कीमत 50 रुपए से 200 रुपए तक है। मोबाइल, कॉपी, किताब और जरूरी कागजात को गीला होने से बचाने के लिए ये सबसे ज्यादा बिक रहे हैं।



### स्टूडेंट्स और वर्किंग पर्सन की पहली पसंद



मानसून शुरू होते ही कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स और ऑफिस जाने वाले कामकाजी लोगों की सबसे बड़ी टेंशन अपने स्मार्टफोन और लैपटॉप को बारिश से बचाना है। इसीलिए बाजारों में वाटरप्रूफ पाउच, बैग कवर, रेन-प्रूफ ब्लूटूथ स्पीकर की डिमांड अचानक बढ़ गई है। पावर हाउस में रविवार की सुबह से शाम तक खरीदारों की लाइन लगी रही। कपड़े, शूज, स्टेशनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स की दुकानों पर हर वर्ग के लोग खरीदारी करते नजर आए। लेकिन सबसे ज्यादा भीड़ स्टूडेंट्स और वर्किंग प्रोफेशनल्स की रही। एक स्टूडेंट ने कहा पिछले साल कॉपी-किताब और मोबाइल भीग गए थे। इस बार पहले से ही वाटरप्रूफ पाउच और बैग कवर ले लिया है।

### रेनकोट, छतरी और शूज भी टॉप पर

गैजेट्स के साथ पारंपरिक बरसाती सामान की मांग भी चरम पर है। दुर्ग, रिसाली और पावर हाउस , सुपेला में रेनकोट, छतरी, शूज-स्लीपर और वाटरप्रूफ बैग्स की सबसे ज्यादा बिक्री हो रही है। इस बार फैशनेबल और हल्के रेनकोट, फोल्डिंग छतरी और एंटी-स्लिप स्लीपर्स युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। दुकानदार विष्णु गोयल ने बताया कि पहले लोग सिर्फ सस्ता रेनकोट लेते थे। अब 800 से 1200 रुपए वाले ब्रांडेड, जैकेट स्टाइल रेनकोट भी खूब बिक रहे हैं। छतरी में भी ऑटो-फोल्ड और डबल लेयर वाली छतरियां डिमांड में हैं।

### लोकल मार्केट और ऑनलाइन दोनों में रौनक

शहर के लोकल इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल एक्सेसरीज स्टोर पर वाटरप्रूफिंग एक्सेसरीज की भरमार है। वहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी मानसून सेल के नाम से इन सामानों पर भारी डिस्काउंट मिल रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस बार लोग प्रिकॉशन पहले ले रहे हैं। पहले बारिश में डिवाइस खराब होने के बाद लोग भागते थे। अब मानसून से पहले ही प्रोटेक्शन खरीद रहे हैं।

## सिटी लाइव

# एनआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की होगी स्थापना

**रायपुर।** एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा संस्थान स्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए प्रॉब्लम स्टेटमेंट आमंत्रित किया है। उद्योगों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्टार्टअप्स तथा सरकारी संस्थाओं को खनन एवं खनिज, इस्पात एवं उद्योग, तथा स्वास्थ्य एवं बहु-विषयक क्षेत्रों में वास्तविक चुनौतियां प्रस्तुत करने आमंत्रित किया गया है। एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप, जो एनआईटी रायपुर का टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर है, एनआईटी में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कर रहा है। इंडिया एआई मिशन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार तथा एनआईटी रायपुर के सहयोग से स्थापित यह केंद्र औद्योगिक, शासकीय एवं सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए एआई नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता को बढ़ावा देगा।



### केंद्र तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित

यह केंद्र तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा। खनन एवं खनिज, इस्पात एवं उद्योग, तथा स्वास्थ्य एवं बहु-विषयक क्षेत्र। पूर्वानुमानित रख-रखाव , बुद्धिमान स्वचालन, प्रक्रिया अनुकूलन, गुणवत्ता आश्वासन, कार्यस्थल सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य एआई अनुप्रयोगों से संबंधित प्रस्ताव आमंत्रित हैं। चयनित चुनौतियों को इनोवेशन चैलेंज, हैकाथॉन, प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट विकास, स्टार्ट-अप सहभागिता, सहयोगात्मक अनुसंधान तथा पायलट परियोजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। एआई सीओई एक सहयोगात्मक मंच के रूप में कार्य करेगा, जो उद्योग, शिक्षा जगत, स्टार्ट-अप्स एवं शोधकर्ताओं को जोड़कर व्यावहारिक एवं विस्तार-योग्य एआई समाधान विकसित करने में सहायता करेगा।

## कैंपस लाइव

# राज्य स्तरीय पैथोलॉजी क्विज में प्रदेशभर के मेडिकल छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**रायपुर।** एम्स के पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग द्वारा आईएपीएम, छत्तीसगढ़ चैप्टर के सहयोग से पांचवीं वार्षिक राज्य स्तरीय स्नातक (एमबीबीएस) पैथोलॉजी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की नौ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के दो छात्र शामिल थे। प्रतिभागी संस्थानों में आरआईआईएमएस रायपुर, पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़, राजनांदगांव एवं अंबिकापुर, एसआरआईएमएसआर पचेड़ा, सीसीएम मेडिकल कॉलेज दुर्ग, श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रायपुर तथा एम्स रायपुर शामिल रहे। कार्यक्रम में आईएपीएम छत्तीसगढ़ चैप्टर की सचिव डॉ. चांदनी कृष्णानी, कोषाध्यक्ष डॉ. वनिता अडिले सहित विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया

प्रतियोगिता छह चरणों में आयोजित की गई, जिनमें महान वैज्ञानिकों की पहचान, ग्रॉस स्पेसिमेन, माइक्रोस्कोपी, केस आधारित, इनोवेटिव तथा रैपिड फायर राउंड शामिल थे। आयोजन समिति में डॉ. स्मृति रेखा जेना, डॉ. चिलुमुरी सरया, डॉ. प्रप्ति, डॉ. थारिणी, डॉ. श्रिया तथा एमबीबीएस विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में एसआरआईएमएसआर, पचेड़ा की टीम ने प्रथम, एम्स रायपुर ने द्वितीय तथा श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रायपुर और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अंबिकापुर की टीमों ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## हेल्थ लाइव

# बारिश में फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोएं, भोजन हमेशा गर्म और ताजा ही खाएं

**रायपुर।** घर की सेहत व थाली का स्वाद गृहिणियों के हाथों पर निर्भर करता है। ऐसे में बारिश के दिनों में खाने-पीने का खास ध्यान रखकर ही मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है। बारिश में ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में ताजा व गर्म भोजन लेना और बाजार से लाए फल-सब्जियों को अच्छे से साफ पानी से धोकर ही सेवन करें। यह कहना है शहर की जानी-मानी डायटिशियन डॉ. सारिका श्रीवास्तव का। बारिश के मौसम में सेहतमंद रहने घर के किचन में तैयार किए खाने-पीने की चीजों को प्राथमिकता दें। बारिश में बाहर का जूस या पेय पदार्थ, भारी व तली-भूनी खाद्य सामग्री व भोजन के सेवन, नास्ते, लंच या डिनर से बचें। मौसम बदलने के साथ कई गृहिणियां अपने घर का डाइट चार्ट को लेकर परामर्श लेती हैं। इस सीजन में भी गृहिणियां किचन में हेल्दी डाइट तैयार करने सलाह ले रही हैं, जिन्हें किचन में हल्के, ताजे और हाइड्रेट खाने-पीने की सामग्री को शामिल करने की सलाह दे रहे हैं।



### घर का हेल्दी भोजन और डिश परोस रहीं

गृहिणी रोशनी बारवे का कहना है कि वे पूरे बारिश के सीजन में अपने परिवार के सदस्यों के लिए घर के किचन में ही उनकी पसंद का भोजन व डिश तैयार कर रही हूं। इस सीजन में अनानास और मौसमी फल दे रही हैं। वहीं ब्रेकफास्ट में पोहा, दलिया, उपमा और लंच व डिनर में सब्जी रोटी, चावल बना रही हैं। इसके अलावा आइसक्रीम में विभिन्न फ्लेवर के साथ गुलाब जामुन, पुडिंग और फ्रूट्स में ताजे फलों की डिश परोस रही हैं।

● नोवा नेचर सोसायटी की टीम रहवासी व सरकारी भवनों में सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू करने में जुटी

# बारिश होते ही बढ़ी सांपों की आमद, घरों में निकल रहे कोबरा, करैत और रसेल वाइपर

बरसात में सबसे ज्यादा रहवासी इलाकों में सांप की आमद बढ़ जाती है, जिससे सर्पदंश की आशंका बलवती हो जाती है। राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में कई प्रजाति के विषधर व विषहीन सांप पाए जाते हैं। शहर में किसी भी प्रकार की सांपों की रेस्क्यू करना हो तो नोवा नेचर सोसायटी स्नैक रेस्क्यू की टीम कमान संभालती है। स्वाभाविक तौर पर सांप गर्मी बढ़ने व बारिश में बिलों में पानी भर जाने की वजह से मैदानी क्षेत्रों विशेषकर घरों, उद्यानों, बाड़ियों में आ जाते हैं। बरसात के मौसम में सावधानी नहीं बरतने से सांप घरों तक पहुंचते हैं, ऊपर से सांपों को पहचान की जानकारी ज्यादातर लोगों में नहीं होने से वे भयभीत होने लगते हैं।



### वीआईपी इलाके में विषहीन सांपों के अधिक रेस्क्यू

शंकरनगर, सिविल लाइंस, इलाके में विषहीन सांपों में धमना, पानी वाला सांप, पिरपिटी, मिट्टी सांप, अजगर, आभूषित सर्प का रेस्क्यू हो रहा है। वैसे तो शहर में विषैले व विषहीन दोनों तरह की सांप पाए जाते हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री आवास, मंत्री बंगलों व अधिकारियों के सरकारी बंगलों से धमना, अजगर और सेंडबोआ प्रजाति के विषहीन सांपों का रेस्क्यू किया गया है।

### इन नंबर पर स्नैक रेस्क्यू टीम को करें सूचित

शहर के किसी भी एरिया में लोगों को सांपों का रेस्क्यू कराना हो तो नोवा नेचर सोसायटी स्नैक रेस्क्यू टीम को इन मोबाइल नंबर 9303345640 और 9993454757 पर कॉल कर सूचित कर सकते हैं। स्नैक रेस्क्यू टीम ने लोगों से अपील है कि सांपों को देखकर भयभीत न हों, बल्कि खुद को सुरक्षित करें और तुरंत रेस्क्यू टीम को सूचना दें, ताकि सही समय पर सांपों का उचित रेस्क्यू किया जा सके।

**रायपुर।** इस हालात में नोवा नेचर सोसायटी के सदस्य सूचना मिलने पर सांप का रेस्क्यू कर उनकी पहचान से लोगों को जागरूक कर रहे हैं और उनका भय दूर कर उन्हें सांप के खतरे से सुरक्षित भी कर रहे हैं। बीते दो तीन दिनों में हुई भारी बारिश के चलते शहर के रहवासी इलाकों में नोवा नेचर की टीम ने एक ही दिन में 20 से अधिक स्नैक रिस्क्यू को अंजाम दिया है। नोवा नेचर सोसायटी की रेस्क्यू टीम के अध्यक्ष एम. सूरज और सचिव मोइन अहमद ने बताया कि



वैसे तो शहर में ज्यादातर प्रजाति के विषहीन सांप अधिक हैं, लेकिन विषैले सांपों में नाग, करैत, जुड़ा महामंडल यानी रसेल वाइपर भी प्रमुख रूप से रेस्क्यू के दौरान मिल रहे हैं। हरिभूमि की टीम ने नोवा नेचर स्नैक्स रेस्क्यू टीम के एक्सपर्ट ने शहर के कौन-से इलाके में कौन-कौन सा विषैले व विषहीन सांपों की अधिक रेस्क्यू हो रहा है, इसके बारे में जानकारी साझा किया।



### इन इलाकों में सबसे ज्यादा जहरीले सांपों की हुई पहचान

नोवा नेचर रेस्क्यू टीम का कहना है कि शहर के सड्डू-मोवा, कमल विहार, डूंडा, सेजबहार, बोरियाखुर्द, टाटीबंध, सुंदरनगर, रायपुरा, महादेवघाट, खम्हारडीह, समता कॉलोनी इलाके में सबसे जहरीले सांपों में कोबरा, करैत, रसेल वाइपर जैसे जहरीले सांपों का रेस्क्यू देखने को मिला है। रेस्क्यू टीम इन क्षेत्रों से सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर सांपों को पकड़कर सुरक्षित जगह छोड़ने का काम कर रही है। वहीं इन सांपों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं।

### शहर के अंदर रोजाना 20 से अधिक स्नैक रेस्क्यू

नोवा नेचर टीम का कहना है कि बरसात होते ही शहर में स्नैक रेस्क्यू के मामले अचानक से बढ़ गए हैं। सिटी व आसपास के क्षेत्रों में रोजाना औसतन 20 से 25 स्नैक रेस्क्यू किए जा रहे हैं। हमारी टीम वन विभाग व नगर निगम के साथ मिलकर रहवासी इलाकों व शासकीय भवनों से लगातार सभी तरह के सांपों के रेस्क्यू अभियान में जुटी हुई है।

# इतनी शक्ति हमें देना दाता...सदाबहार गीतों से सजी सुरों की महफिल

### मां आनंदिनी फाउंडेशन ने किया संगीत संध्या का आयोजन




**रायपुर।** सिविल लाइंस वृंदावन हॉल में मां आनंदिनी फाउंडेशन द्वारा सदाबहार गीतों की सुरमई महफिल सजी। संगीत संध्या में कलाकारों ने अपनी जादुई आवाज में नए-पुराने गीतों की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रतिभागी गायकों में संस्था की अध्यक्ष डॉ. वंदना ठाकुर ने बताया कि संस्था द्वारा नए व वरिष्ठ संगीत के साधकों को मंच देने के लिए मांझी नैया ढूंढे किनारा संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शहर के संगीत प्रेमी व कलाकारों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस संगीतमय महफिल को अपनी सुरीली व जादुई आवाज से अहिगिरी नंदिनी देवी ने गणेश वंदना और स्वगत नृत्य प्रस्तुति से समां बांधा। वहीं नंदिनी ढगे ने इतनी शक्ति हमें देना दाता... आर्यन पॉल ने भक्ति गीत माई तेरी चुनरिया लहराई..., डॉ. वंदना ठाकुर ने रहे न रहे हम, महका करेंगे...जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति से आयोजन को यादगार बना दिया। इसी तरह सरायपाली के पिता-पुत्र दीपक शर्मा, श्याम शर्मा ने बेहतरीन नगमों की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल, संस्था के संरक्षक अमिताभ दुबे ने कहा कि संस्था इंसानियत धर्म सनातनी धर्म देवतुल्य जीवन जीने की सीख देती है। समाज में बिखरते रिश्तों की बड़ी चुनौती, परिवार बिखरने की बड़ी वजह बनती जा रही है।

### इन कलाकारों ने प्रस्तुति से मोहा मन

*सिंगर सोनू ने मोरे सईंया तो हैं परदेश..., मोहिनी मालेवर ने सुनो सजना पपीहे ने...गीत गाए। वहीं ऐश्वर्या मिश्रा, तोरा मन दर्पण कहलाए... तेरे मेरे बीच में कैसा है बंधन अनजाना....डॉ. मुक्ति फरिश्ता ने आओ हजूर तुमको सितारों में ले चलूं...उनको ये शिकायत है..., नीलम जुनेजा ने दिल का दिया जला के गया...जब हम सिमट के आपकी, बांहों में आ गए...गीतों की प्रस्तुति दी।*

# कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर पहुंचे राजधानी, भव्य स्वागत

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के लिए राजधानी रायपुर पहुंचे कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज का माना विमानतल पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल की अगुवाई में सैकड़ों सनातनियों ने महाराज देवकीनंदन ठाकुर का ढोल–नगाड़ों के साथ स्वागत किया और रैली के रूप में वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर पहुंचे। श्री राठी ने बताया कि श्रीराम मंदिर में देवकीनंदन महाराज का रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू द्वारा स्वागत कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात प्रभु श्रीराम के दर्शन कर देवकीनंदन महाराज ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए अच्छी बारिश की कामना की। श्री अग्रवाल ने बताया कि फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से देवकीनंदन महाराज को राजकीय अतिथि का दर्जा देने की मांग की गई थी, जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा महाराजश्री के रायपुर आगमन से लेकर प्रस्थान तक उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा दिया गया।



### कथा की तैयारी पूरी

बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में 8 से 14 जुलाई तक श्रीमद भागवत का कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, विभिन्न समितियों का गठन कर भक्तों को सुविधाजनक स्थान प्रदान करने की कोशिश की जाएगी। माना विमानतल पर स्वागत करने के दौरान प्रमुख रूप से योगेश अग्रवाल, राजकुमार राठी, शिवरतन गुप्ता, अशोक गुप्ता, रेखा साहू, कृतिका जैन, संजय चौधरी,राजेश अग्रवाल, राजीव अवस्थी, नवीन लोढ़ा, दर्शन सांखला, सुब्रत घोष, विनोद पहुआ, दीपक गुप्ता, आलोक पांडे, रोशनी मिश्रा, सीमा सिंह, निशा, राजेंद्र पारख, मालती साहू, रेखा शर्मा, रूबी सुराना, फूलमणि सोनवानी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**आज से इंडोर स्टेडियम में गूंजेंगे प्रवचन**

बरसात के साथ ही बागवानी के शौकीनों की नर्सरी व बीज केंद्रों में दिख रही भीड़

# किचन गार्डन में सब्जी और मसाले का उत्पादन महिलाएं कर रहीं पौधों-बीजों की रोपाई-गुड़ाई

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** शहर की कॉलोनियों के घरों में महिलाएं किचन गार्डन विकसित कर रही हैं। बरसात की पहली दस्तक के साथ ही महिलाएं किचन गार्डन में रोजाना मसाले के तौर पर जरूरत पड़ने वाली सब्जियां रोपने के काम में जुट गई हैं। इनमें करी पत्ता, हरा धनिया, हरी मिर्च, मेथी की पत्तेदार सब्जियां किचन गार्डन में उगा रहीं हैं। शहर की रायपुरा निवासी रचना पांडे का कहना है कि हर बारिश के मौसम में किचन गार्डन में नए पौधों की रोपाई एवं पुराने पौधों की कटाई-छंटाई का काम करती हैं। चूंकि किचन गार्डन में अधिकतर मौसमी हरी सब्जियां और मसालेदार सब्जियों के पौधे खासकर रोपे जाते हैं। ऐसे में मानसून के पहली अच्छी बारिश के साथ शहर के नर्सरी और पहले से खुद के गार्डन में तैयार सब्जियों के नर्सरी पौधों की रोपाई कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ सीजनल सब्जियों में जैसे तरोई, लौकी, कद्दू के बीज भी जगा रही हैं। इस बरसात में तैयार किचन गार्डन से बारहों महीने अपने किचन के लिए रोजाना ताजा करी पत्ता, हरा धनिया, हरी मिर्च, पुदीना, मेथी जैसे मसाले व औषधीय उपयोग की सब्जियां मिलती रहती हैं।





### नर्सरी पौधों व सीजनल सब्जियों के बीजों की बढ़ी डिमांड

शहर के भाठागांव के नर्सरी संचालक का कहना है कि किचन गार्डन के लिए सब्जियों के नर्सरी पौधों में टमाटर, मिर्च, ऑल इन वन स्पाइसी पौधे, मीठी नीम के पौधे, तेज पत्ता, पुदीना जैसे पौधे लोग खरीद रहे हैं। वहीं संतोषीनगर बोरियाखुर्द स्थित कृषि केंद्र के संचालक ने बताया कि किचन गार्डन के लिए धनिया, मेथी के उन्नत बीज, सब्जियों में लाल, पालक भाजी के बीज, सीजनल सब्जियों में तरोई, लौकी, कद्दू, प्याज, हल्दी, अदरक जैसे सब्जियों के बीजों की बड़ी मात्रा में खरीदी करने पहुंच रहे हैं। बरसात लगते ही किचन गार्डन के लिए सब्जी के नर्सरी पौधे एवं बीजों की डिमांड बढ़ जाती है।

### बरसात के मौसम में ऐसे विकसित करें किचन गार्डन

बरसात के मौसम में गार्डनिंग का एक अलग ही मजा होता है। इस मौसम में पौधे बड़ी आसानी से लग जाते हैं और थोड़ी-सी मेहनत में ही बगीचा लहलहा उठता है। ऐसे में घर पर अपना एक किचन गार्डन बनाने की सोच रहे हैं तो यह मौसम इसके लिए बिल्कुल सही है। किचन गार्डन विकसित करने के तरीके के बारे में बागवानी विशेषज्ञ विजय साहू बताते हैं कि घरों के बालकनी में रखे गमलों या अपने होम गार्डन में कुछ मसालेदार सब्जियां आसानी से उगा सकते हैं, जैसे करी पत्ता, किचन में तड़के के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल आमतौर पर होता ही है। इसे गमले में मिट्टी भरकर उसमें करी पत्ते का बीज डालकर या कलम भी लगा सकते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### हॉकी में रायपुर की शानदार जीत



**रायपुर।** नेहरू हॉकी क्षेत्रीय टूर्नामेंट के पहले मैच में शानदार मुकाबले हुए। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शहीद स्मारक ब गुरुनानक चौक में अध्ययनरत आवासीय बालक छात्रावास क्रमांक 4 गंजपारा रायपुर छत्तीसगढ़ की अंडर 15 टीम ने गरियाबंद को 1/0 से पराजित किया। वहीं राईट फॉरवर्ड रमन गुप्ता ने शानदार गोल कर टीम को जीत दिलाई। दूसरे व फाइनल मैच में धमतरी की टीम को भी 1/0 से पराजित कर राज्य स्तरीय के लिए क्वालीफाई किया। सेंटर फॉरवर्ड सागर चौधरी ने नज़ाकत के साथ रिवर्स शॉर्ट मारते हुए गोल किया। फुल बैक शमीर जांगड़े और गौरव यादव टीम की ढाल हैं, इन्होंने पूरे मैच में टीम को संभाल कर रखा। गोलकीपर आर्यन चेलक ने एक शानदार गोल बचाया जिससे टीम बढ़त बना सकी।

### जूनियर नेशनल रग्बी चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रही छत्तीसगढ़ टीम



**रायपुर।** रग्बी इण्डिया एवं तेलंगाना एसोसिएशन द्वारा जूनियर नशनल रग्बी सेवेन्स (बालक एवं बालिका) चैम्पियनशिप का आयोजन गाचीबोवली स्टेडियम, हैदराबाद में 06 से 11 जुलाई तक जारी है। इस जूनियर नेशनल रग्बी सेवेन्स चैम्पियनशिप में जो 7 टीमें उच्च स्थान प्राप्त करेंगी वह खेलो इंडिया के लिये क्वालिफाई होगी। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे राज्य के खिलाड़ियों को बधाई दिए। छत्तीसगढ़ टीम में ईशा किरण किंडो (कप्तान), पूर्वराज साहू ( वाईस कप्तान), गुंजन वर्मा, दृष्टि चंद्रकार, श्रद्धा मरकाम, शिवानी सतनामी, सानाली केरकेट्टा, पूनम कुमारी, मानसी साहू, साक्षी साहू, नंदनी निषाद, जिया परवीन, कोच प्राची विश्वकर्मा और मैनेजर संस्कार राजीव देवांगन शामिल है।

### छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट के केम्प में नवनीत का चयन

**रायपुर।** जिला क्रिकेट संघ के अंडर-23 टीम के नवदीप सामले का चयन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ में उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में हुआ है। जिला क्रिकेट संघ धमतरी खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचानकर, उचित प्रशिक्षण व मार्गदर्शन विगत कई वर्षों से दे रहा है।



इस वर्ष विभिन्न आयु वर्ग के 10 खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में हुआ है । इनमें 4 बालिका एवं 6 बालक शामिल हैं। धमतरी जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शरद रणसिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, सचिव अजय बाबर, सहसचिव सकुश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश दीवान, कोच सजल चंद्राकर आदि ने नवनीत को बधाई दी है।

### राष्ट्रीय पेंचक सिलाट में छत्तीसगढ़ ने जीते 55 पदक



**रायपुर।** 14वी पेंचक सिलाट सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 28 जून तक नासिक महराष्ट्र में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भारत वर्ष के 32 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 1400 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

जिसमे छत्तीसगढ़ से 74 खिलाड़ियों ने हिस्सेदारी करते हुए 15 स्वर्ण, 21 रजत एवं 19 कांस्य सहित कुल 55 पदक हासिल किये। जिले के 7 खिलाड़ियों का भी चयन स्पर्धा में हुआ था। जिसमे 6 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किये। अल्फिशा शेख स्वर्ण पदक, लावन्या बांगरे, शेख अब्दुल कबीर रजत पदक, ललिता अहिरवार, कंचन यादव, रूमाना खान कांस्य पदक प्राप्त किये है। राज्य के टीम में कोच के रूप में मनीष निषाद, सूर्यकांत वर्मा, शेख अरबाज अली, आनंदिता सिंह शामिल थे एवं निर्णायक के रूप में अभिषेक देवांगन, इरफान अहमद, नीलिमा साहू ने योगदान दिया।

अपने कामकाज और सेहत के बीच संतुलन जरूर बनाएं

# लंबे समय तक एक जगह बैठकर करते हैं काम तो बढ़ सकता है इन बीमारियों का खतरा, रहें सावधान

अक्सर लोग ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं और लगातार स्क्रीन देखते रहते हैं। इससे उनकी शारीरिक गतिविधि बहुत कम हो जाती है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यह सिर्फ आलस्य नहीं है, बल्कि एक ऐसी आदत है जो शरीर में कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा देती है।

आज की आधुनिक जीवनशैली में हमें ढेर सारी सुख-सुविधाएं मिल गई हैं, जिसकी वजह से लोग एक ही जगह बैठे-बैठे अपना सारा काम करना चाहते हैं। ऐसे में शरीर की गतिविधि कम होने से कई मुश्किलें सामने आती हैं। इसी तरह की जीवनशैली को सेडेंटरी लाइफस्टाइल कहते हैं। अक्सर लोग ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं और लगातार स्क्रीन देखते रहते हैं। इससे उनकी शारीरिक गतिविधि बहुत कम हो जाती है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।


यदि आप भी उन लोगों में से हैं जो दिन में 8 घंटे से ज्यादा एक ही जगह बैठकर काम करते हैं, तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए। यह आदत मोटापा, हृदय रोग, डायबिटीज जैसी कई लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ाती है। दरअसल, जब हमारा शरीर पर्याप्त हिलता-डुलता नहीं, तो मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है,



जिससे कई शारीरिक प्रक्रियाएं बाधित होती हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि अगर कोई 8 घंटे से अधिक एक स्थान पर ही बैठा रहता है, तो उन्हें किन बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि आप किन छोटे बदलावों से अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं।

## गतिहीन जीवनशैली से होने वाली बीमारियां

लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर की सामान्य प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं। पहली प्रमुख समस्या है मोटापा। बैठे रहने से कैलोरी बर्न नहीं होती, जिससे वजन बढ़ता है। मोटापा अपने आप में डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारियों का कारण बनता है।



दूसरी, टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। सेडेंटरी लाइफस्टाइल इंसुलिन सेंसिटिविटी को कम करती है, जिससे ब्लड शुगर का लेवल अनियंत्रित हो सकता है।

तीसरी, हृदय रोग का जोखिम। लंबे समय तक बैठने से रक्त संचार धीमा पड़ता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। चौथी, कमर और पीठ दर्द। गलत मुद्रा में बैठने से रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे पुराना दर्द शुरू हो सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

गतिहीन जीवनशैली न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। लंबे समय तक बैठे रहने से तनाव, चिंता और अवसाद का खतरा बढ़ता है। शारीरिक गतिविधि की कमी से एंडोर्फिन हार्मोन का स्राव कम होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। इसके अलावा, नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ता है।



## क्यों बढ़ रहा है यह खतरा?

आज के दौर में डेस्क जॉब, रिमोट वर्क और स्क्रीन टाइम ने लोगों को कुर्सी से बांध दिया है। कंप्यूटर, मोबाइल और टीवी के सामने घंटों बिताने से शारीरिक गतिविधियां कम हो गई हैं। मानसून या ठंड जैसे मौसम में बाहर निकलना और कम हो जाता है, जिससे गतिहीनता और बढ़ती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी आयु वर्ग इस जीवनशैली का शिकार हो रहे हैं।

## बचाव के उपाय

गतिहीन जीवनशैली से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं। हर 30-40 मिनट में उठकर 2-3 मिनट टहलें या स्ट्रेचिंग करें। रोजाना 30 मिनट टहलें, योग या कोई व्यायाम जरूर करें। हमेशा सीधे बैठें और अपनी रीढ़ को सहारा देने वाली कुर्सी का उपयोग करें। पर्याप्त पानी पिएं और संतुलित आहार लें, जिसमें फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट शामिल हों।



# भरी बरसात में भी आपके शरीर में हो सकती है पानी की कमी

बहुत से लोगों को लगता है कि शरीर में पानी की कमी सिर्फ गर्मी के मौसम में ही हो सकती है, लेकिन ये पूरा सच नहीं है। किसी भी मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। आइए इस लेख में जानते हैं कि शरीर में पानी की कमी होने पर क्या लक्षण दिखते हैं।

हमारे शरीर का ज्यादातर हिस्सा, लगभग 60-70%, पानी से बना है, जो शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। पाचन से लेकर रक्त संचार और शरीर का तापमान बनाए रखने तक, पानी हर जरूरी शारीरिक क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिसे हम डिहाइड्रेशन भी कहते हैं, तो यह स्थिति हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है।

डिहाइड्रेशन कई वजहों से हो सकता है, जैसे ज्यादा पसीना आना, बार-बार दस्त लगना या फिर पर्याप्त पानी न पीना। बच्चे और बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक होता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। डिहाइड्रेशन के



कारण थकान, चक्कर आना और कई बार तो इंसान बेहोश भी हो सकता है। इसलिए, यह समझना बेहद जरूरी है कि डिहाइड्रेशन क्या है, इसके क्या लक्षण हैं, और सबसे महत्वपूर्ण है कि इससे बचाव के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए इसी के बारे में जानते हैं।

## डिहाइड्रेशन के लक्षण

डिहाइड्रेशन के शुरुआती लक्षणों में प्यास लगना, मुंह सूखना, थकान और चक्कर आना शामिल हैं। गंभीर डिहाइड्रेशन में पेशाब का रंग गहरा पीला होना, कम पेशाब आना, त्वचा में रूखापन आना, तेज धड़कन और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर डिहाइड्रेशन बढ़ जाए, तो यह किडनी की समस्या, बेहोशी या गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए समय रहते इसपर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है।

# कपूर और नींबू के छिलके पानी में उबाल कर आजमाएं

रसोई में बहुत सी चीजें ऐसी होती है। जिनसे जुड़े हम हैक्स नहीं जानते हैं। आज हम आपको कपूर और नींबू के छिलकों से जुड़े कुछ स्मार्ट किचन हैक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आपके बहुत काम आसान हो जाएंगे। कपूर और नींबू के टुकड़ों को पानी में उबालने से क्या होता है आज हम आपको इस आर्टिकल इसी के बारे में बताने जा रहे हैं। कपूर और नींबू से आप अपने किचन के कई काम को आसान बना सकती हैं। यह आपके बेहद काम आने वाले हैं। चलिए फिर जान लेते हैं नींबू के टुकड़े और कपूर को



पानी में एक साथ उबालने के फायदे।

**नींबू और कपूर को उबालने से क्या होता है ?-** आप भी नींबू और कपूर को पानी में उबालकर किचन के काम को आसान बना सकती हैं। आइए जान लेते हैं सभी के बारे में विस्तार से।

**कीड़े-मकौड़े भगाएं-** अक्सर किचन में कुछ भी खाने-पीने का सामान फैल जाने पर या बारिश के मौसम में मक्खी, मच्छर और चींटियां आदि डेरा जमाने लगती हैं। ऐसे में आप पानी में नींबू के टुकड़े और कपूर की गोलियां डालकर उन्हें उबाल लें। अब इस पानी को ठंडा करके छान लेना है और किसी स्प्रे बोतल में भरकर रख लें।

# प्रदेश भर में होंगी टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं




- छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की वार्षिक आमसभा में लिए गए कई फैसले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की वार्षिक आमसभा में कई प्रमुख निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने की। बैठक में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की वार्षिक प्रतियोगिता के आयोजन एवं राज्य में टेबल टेनिस के प्रचार एवं विकास पर विस्तृत चर्चा हुयी।

वहीं वार्षिक प्रतियोगिता का कैलेण्डर निर्धारित किया गया जिसमें प्रथम राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह अगस्त में रायपुर, प्रथम मास्टर्स राज्य रैंकिंग़ टेबल टेनिस प्रतियोगिता तथा द्वितीय राज्य रैंकिंग़ टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह सितंबर में क्रमशः रायपुर एवं राजनांदगांव, 24वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह अक्टूबर में रायपुर, राज्य पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह नवंबर में रायपुर, द्वितीय मास्टर्स राज्य रैंकिंग़ टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह नवंबर में रायपुर, तृतीय मास्टर्स राज्य रैंकिंग़ टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह दिसंबर में रायपुर को आबंटित किया गया। इसके साथ ही पिछले वर्ष कोंडागांव में पहली बार राज्य प्रतियोगिता के सफल आयोजन करने पर कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ को द्वितीय राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु स्मृति चिन्ह दिया गया। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण, रायपुर छत्तीसगढ़ के पर्यवेक्षक श्री प्रवेश जोशी जी को ससम्मान मोमेंटो भेंट किया गया।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण, रायपुर छत्तीसगढ़ के पर्यवेक्षक प्रवेश जोशी, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, संघ के पूर्व मुख्य सलाहकार डा मानिक चटर्जी, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी, उपाध्यक्ष अनिल पुसदकर, प्रदीप जोशी, गिरिराज बागड़ी, सचिव सार्थक शुक्ला, कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला एवं पदाधिकारीगण, जिला संघों के अध्यक्ष एवं सचिव आदि उपस्थित थे। मंच संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ सचिव शकील साजिद ने किया। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने दी।









# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### भारत आएंगे नोलन-टॉम और डेमन, मुंबई में होगा 'द ओडिसी' का ग्लोबल प्रीमियर

क्रिस्टोफर नोलन की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' का भारत में पहला प्रीमियर मुंबई में होगा। जिसमें नोलन के साथ मैट डेमन और टॉम हॉलैंड भी शामिल होंगे।



मशहूर हॉलीवुड डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन और सुपरस्टार टॉम हॉलैंड जल्द ही भारत आने वाले हैं। वे मुंबई में अपनी आने वाली नई फिल्म 'द ओडिसी' का ग्लोबल प्रीमियर करने के लिए आ रहे हैं। भारत में फिल्म की पहली स्क्रीनिंग में उनके साथ इस फिल्म के मुख्य अभिनेता मैट डेमन भी भारत आएंगे। यह शानदार इवेंट मुंबई के लोअर परेल में स्थित 'फीनिक्स पैलेडियम के पीवीआर आइकॉन आईमैक्स में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, भारत में प्रीमियर की तारीख का खुलासा अभी नहीं हुआ है। यह फिल्म 17 जुलाई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

अभिनेता मैट डेमन ने बताया कि 'द ओडिसी' उनके करियर की सबसे कठिन फिल्म थी। उन्होंने कहा कि डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन को सब कुछ असली दिखाना पसंद है, इसलिए इस फिल्म की शूटिंग में किसी भी तरह के ग्रीन स्क्रीन या नकली स्टूडियो का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

'द ओडिसी' एक एक्शन और माइथोलॉजिकल फिल्म है, जिसे पुरानी ग्रीक कविता 'ओडिसी' के आधार पर बनाया गया है। कहानी में दिखाया गया है कि ट्रॉय की लड़ाई खत्म होने के बाद, मुख्य किरदार 'ओडिसियस' को अपने घर लौटने में 10 साल का लंबा समय लगता है। मैट डेमन फिल्म में ओडिसियस मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। ऐनी हैथवे फिल्म में पेनेलोप का रोल कर रही हैं।

## टॉलीवुड

### ममूटी को पद्म भूषण मिलने पर धनुष और 'ओम' की टीम ने मनाया जश्न



दिग्गज अभिनेता मुहम्मद कुट्टी पनापरम्बिल इस्माइल यानि ममूटी को हाल ही में देश के प्रतिष्ठित सम्मान पद्म भूषण से नवाजा गया है। इस खास मौके पर अभिनेता धनुष और उनकी आने वाली फिल्म 'ओम' की टीम ने फिल्म के सेट पर एक शानदार जश्न मनाया और ममूटी को बधाई दी। धनुष की प्रोडक्शन कंपनी 'वंडरबार फिल्म्स' ने सोशल मीडिया (एक्स) पर इस जश्न की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में ममूटी फिल्म 'ओम' के सेट पर एक बड़ा केक काटते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि धनुष और फिल्म की पूरी टीम उनके लिए तालियां बजा रही है। ममूटी को 23 जून को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के बाद ममूटी ने अपने बेटे और अभिनेता दुलकर सलमान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर उन्हें बधाई दी।

74 वर्षीय ममूटी ने अपने करियर की शुरुआत 1980 में आई मलयालम फिल्म 'विल्कनंदु स्वप्नंगल' से की थी। 1983 में आई फिल्म 'संध्याक्कु विरिंजा पूवु' उनकी पहली बड़ी हिट रही, जिसने उन्हें एक बड़ा स्टार बना दिया। पिछले 40 से ज्यादा साल में उन्होंने मलयालम, तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया है। उन्हें कई राष्ट्रीय और फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुके हैं।

इससे पहले साल 1998 में उन्हें 'पद्म श्री' से भी सम्मानित किया जा चुका है। ममूटी को आखिरी बार साल 2026 में आई जासूसी फिल्म 'पैट्रियट' में देखा गया था, जिसमें उनके साथ मोहनलाल और फहाद फासिल भी थे।

## भोजपुरी

### 'किसान बहुरिया' में शादी के दिन ही दुल्हन जान गई पति की असलियत

अंजना सिंह की अपकमिंग फिल्म 'किसान बहुरिया' एक ऐसी महिला पर आधारित कहानी है जो पति की मानसिक हालत खराब होने और घर की स्थिति को ठीक करने के लिए खेती करती है।



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस अंजना सिंह की फिल्म 'किसान बहुरिया' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर हो चुका है। यह फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है, जो पति को देखकर बेबस हो जाती है और शादी के बाद खेती कर घर की जिम्मेदारी संभालती है। मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का क्लिप शेयर किया। मंजुल ठाकुर द्वारा निर्देशित फिल्म 'किसान बहुरिया' में अंजना सिंह और प्रशांत सिंह मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा, फिल्म में खुशी झा, विद्या सिंह, गोलू तिवारी, अशोक मिश्रा और सुधा यादव जैसे अनुभवी कलाकार नजर आएंगे। वहीं, चाइल्ड आर्टिस्ट दीक्षा मिश्रा होंगी। इसमें ओम झा ने संगीत दिया है जबकि फिल्म को बी4यू भोजपुरी चैनल पर दिखाया जाएगा। किसान बहुरिया एक ऐसी महिला पर आधारित है जो पति की मानसिक हालत खराब होने और घर की स्थिति को ठीक करने के लिए खेती करती है। हालांकि, मेकर्स ने पहले ही फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया था। ट्रेलर में दिखाया गया था कि अंजना शादी करके अपने ससुराल आती हैं लेकिन पति की मानसिक हालत देखकर हैरान हो जाती हैं।

## ट्रेडिशनल आर्ट

लाइफ स्टाइल

ट्रेडिशनल आर्ट से बने प्रिंट और पैटर्न किसी भी फैशन शो की जान होते हैं। ऐसे ट्रेडिशनल आर्ट को रनवे पर पहली बार देखना अनूठा अनुभव होता है। फैशन की दुनिया में ऐसे ट्रेडिशनल डिजाइन और कलेक्शन को किसी मूल निवासी समुदाय के मॉडल्स और प्रभावशाली लोगों द्वारा जीवंत होते देखना हमेशा से एक सपना सच होने जैसा रहा है। लंदन फैशन वीक में पिछले हफ्ते यह कलेक्शन



## चंदन का इस्तेमाल करने से पहले जानें इसका नफा-नुकसान

इन दिनों बारिश तो आ गई है लेकिन गर्मी भी बरकरार है। ऐसे मौसम में स्किन पर तमाम तरह की दिक्कतें होती हैं, जिसकी वजह से चेहरा काफी डल लगने लगता है। कई बार तो चेहरा इतना खराब लगने लगता है कि लोगों को लगता है कि उनकी स्किन पर कोई दिक्कत हो गई है। ऐसे में वो इन दिक्कतों को दूर करने के लिए कभी डॉक्टर की सलाह लेते हैं तो कभी महंगे महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि घर में रखी एक छोटी सी चीज के इस्तेमाल से भी आप अपने चेहरे को चमका सकते हैं। यहां हम बात कर रहे हैं चंदन की। चंदन का इस्तेमाल पूजा पाठ से लेकर स्किन केयर में भी किया जाता है। इसके इस्तेमाल के समय यदि सावधानी न बढ़ती जाए तो इसके कई नुकसान भी है।

ये हैं फायदे

### त्वचा को ठंडक देता है

चंदन में नैचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो गर्मियों में या सनबर्न की स्थिति में स्किन को ठंडक देती हैं। इससे स्किन की जलन, रैशेज और रेडनेस में तुरंत आराम मिलता है। इसका इस्तेमाल गुलाब जल या खीरे के रस के साथ



मिलाकर किया जा सकता है।

### मुंहासों और पिंपल्स को कम करता है

चंदन एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। ये बैक्टीरिया को मारता है और स्किन को साफ़ करता है, जिससे मुंहासे कम होते हैं और स्किन इंफेक्शन से बचती है। इसका इस्तेमाल हल्दी और गुलाब जल के साथ किया जा सकता है।

### दाग-धब्बे और टैनिंग हटाता है

चंदन का नियमित उपयोग स्किन को क्लियर करता है। यह दाग-धब्बों को हल्का करने, स्किन टोन को निखारने और टैन हटाने में कारगर है। इसका इस्तेमाल दूध और शहद मिलाकर किया जा सकता है।

### एंटी-एजिंग गुण

चंदन फाइन लाइन्स, झुर्रियों और उम्र के लक्षणों को धीरे-धीरे कम करने में मदद करता है। ये स्किन को टाइट और यंग बनाए रखता है। इसका इस्तेमाल बादाम का तेल मिलाकर किया जा सकता है।

### एलर्जिक रिएक्शन

कुछ लोगों की स्किन बहुत सेंसिटिव होती है और उन्हें चंदन से एलर्जी हो सकती है। इसके लक्षण हो सकते हैं: खुजली, जलन, रेडनेस या छोटे दाने। इसलिए इस्तेमाल से पहले हाथ के अंदर या कान के पीछे पैच टेस्ट करें। 24 घंटे में कोई रिएक्शन न हो तो ही चेहरे पर लगाएं।

### अत्यधिक ड्राइनेस

चंदन की ठंडी तासीर कभी-कभी स्किन की नेचुरल नमी को भी हटा देती है, जिससे स्किन ड्राई और खिंची हुई महसूस हो सकती है, खासकर ड्राय स्किन वालों को। इसलिए हमेशा मॉइस्चराइजिंग इंग्रेडिएंट (जैसे दूध, शहद, एलोवेरा) के साथ मिलाकर इसका इस्तेमाल करें।

## बारिश में ऑफिस आउटफिट के लिए ये कलर हैं बेस्ट



मानसून में ऑफिस में पहनने के लिए आप ट्रेंडी कलर्स के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकते हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, कलर्स आप मौसम के हिसाब से सही पसंद कर पाएंगे। मानसून में पहनने के लिए हम अक्सर ट्रेंडी कलर्स को चूज करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक मौसम के हिसाब से परफेक्ट लगता है। इस बार भी आप ऑफिस में पहनने के लिए कुछ ऐसे कलर्स को चूज करें, जिसे वियर करके आपका लुक अच्छा लगे। साथ ही, आप पूरे दिन कम्फर्टेबल फील करें।



### ऑफिस में पहनने के लिए ट्रेंडी कलर्स

आप ऑफिस लुक के लिए ट्रेंडी कलर्स को चुनें। इस तरह के कलर्स पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें लुक सुंदर दिखता है। बस आपको कलर को कॉन्ट्रास्ट करके पहनने का तरीका जानना है।



### मानसून में ऑफिस के लिए लें पिंक कलर

आप इस बार मानसून सीजन में सबसे अलग दिखने के लिए पिंक कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरह के कलर मानसून में पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें आपको प्लेन से लेकर प्रिंटेड पैटर्न को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के कलर को कुर्ती से लेकर वेस्टर्न आउटफिट में ले सकती हैं।

### मानसून में पहनें पिस्ता ग्रीन कलर

मानसून सीजन में लाइट कलर के आउटफिट को स्टाइल करना सबसे अच्छा लगता है। इसलिए आप भी पिस्ता ग्रीन कलर वाले सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट सेट ऑफिस में पहनने के बाद काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही, लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। आप इस तरह के सूट को सिंपल डिजाइन और प्लेन कलर में खरीदकर स्टाइल करें।

## काले घुटनों का इलाज कर देगा घरेलू उबटन

शॉर्ट ड्रेस पहनना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन घुटने के कालेपन की वजह से हम इसे वियर नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप घरेलू उबटन को बनाकर इसे स्किन पर लगाएं। इससे स्किन का रंग साफ हो जाएगा। आजकल शॉर्ट ड्रेस पहनना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन यह तभी अच्छी लगती हैं, जब हमारे घुटने काले नजर नहीं आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि काले घुटने अलग से दिखाई देते हैं। जिसे हम किसी अन्य चीजों से छिपा भी नहीं सकते हैं। ऐस में जरूरी है कि आप घरेलू उबटन को बनाकर अपने घुटनों में अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन साफ हो जाएगी। आर्टिकल में बताते हैं दादी नानी वाले घरेलू नुस्खे से बने उबटन के तरीके को।

### क्यों काले हो जाते हैं घुटने

स्किन पर कई बार रुखापन इतना ज्यादा हो जाता है कि इसकी वजह से हमारी स्किन डार्क होने लगती है। साथ ही, धूप के कारण भी घुटने पर टैनिंग नजर आती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने घुटनों को साफ रखने के लिए



घरेलू नुस्खे से बने उबटन का इस्तेमाल करें। इससे आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने में दिक्कत नहीं होगी।

### काले घुटनों के लिए उबटन कैसे बनाएं

इसके लिए आपक एक कटोरी लेनी है।इसमें आपको बेसन डालना है। फिर इसमें दही और हल्दी को मिक्स करके पेस्ट बनाएं।इसके बाद इसका उबटन बनाकर थोड़ा सा गुलाब जल को मिक्स करें। इसके लिए आपको ब्रश की मदद से अपने घुटनों पर इसे लगाएं। फिर इसे कुछ समय के लिए सूखने दें।इसके बाद इसे पानी से साफ कर लें।

## एथनिक आउटफिट संग बनाएं गजरा हेयरस्टाइल


किसी भी त्योहार पर महिलाओं को सजना-संवरना बहुत अच्छा लगता है। जिसके चलते महिलाएं फेस्टिवल के नजदीक आने से पहले ही इसकी तैयारियां शुरू कर देती हैं। सुहागिन महिलाओं के लिए सावन का महीना बेहद खास होता है।

### ट्रेंडी गजरा हेयर स्टाइल

आप नीचे दिखाई जा रही इन ट्रेंडी गजरा हेयर स्टाइल को अपने साड़ी, सूट और लहंगे किसी भी ऑउटफिट के संग बना सकती हैं। यह सभी हेयरस्टाइल झटपट बनकर तैयार हो जाएंगी।

### फिश टेल विद गजरा हेयरस्टाइल

गर्मियों में अधिकतर लोगों को बंधे हुए बाल की पसंद आते हैं। ऐसे में आपके लिए तस्वीर में नजर आ रही ये सिंपल सोबर सी हेयरस्टाइल बेस्ट रहेगी। यह हेयरस्टाइल लहंगे और साड़ी के लिए बेस्ट है। इसके लिए आपको सबसे पहले अपने बालों की फिश टेल बनानी है या आप चाहे तो नार्मल चोटी भी बना सकती हैं। इसके बाद आपको मार्केट से फ्रेश गजरा लेकर बालों में ऊपर की साइड टक करना है। इसके बाद एक क्रॉस करके दोबारा टक करें। इसके बाद गजरे को क्रॉस करते हुए थोड़ी-थोड़ी दूर पर लपेटते जाएं। फिर नीचे



की ओर आखिरी छोर पर लपेटें। आपकी फिश टेल विद गजरा हेयर स्टाइल बनकर तैयार है।

### बन विद गजरा हेयरस्टाइल

बन विद गजरा हेयरस्टाइल वैसे तो बहुत कॉमन है, लेकिन यह आज भी महिलाओं को काफी पसंद आती है। इसको साड़ी के संग पेयर करने के बाद लुक अलग ही खिलने लगता है। वहीं अगर त्योहारों का मौका है फिर तो बन विद गजरा हेयरस्टाइल परफेक्ट रहेगी। यह हेयरस्टाइल आपके लुक को ट्रेडिशनल टच देती है। इसको बनाने के लिए आप सबसे पहले बन बनाकर रेडी कर लें। इसके बाद गजरा लेकर बन के चारों तरफ लपेटकर टक कर देना है।

## कार्नर न्यूज

### अपनी त्वचा के रंग और टाइप को समझ कर ही करना चाहिए मेकअप

# अपने स्किन टोन के हिसाब से सही मेकअप चुनना है तो पहले जानें फिट्जपैट्रिक स्केल को, निखरेगा रूप

नाइट पार्टी के लिए मेकअप करना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि हर किसी की त्वचा का रंग, बनावट और अंडरटोन अलग होता है। आम तौर पर त्वचा के तीन प्रकार बताए गए हैं- गोरा, गेहुंआ, सांवला, लेकिन त्वचा विशेषज्ञ फिट्जपैट्रिक स्केल के अनुसार त्वचा को छह प्रकारों में बांटते हैं, जो मेलेनिन की मात्रा पर आधारित हैं। इसलिए एक ही मेकअप सभी पर सूट करे, यह संभव नहीं। नाइट पार्टी में दमकने के लिए आपको अपनी स्किन टोन को जानकर सही मेकअप करना होगा।

### दूध-सी गोरी

टाइप-वन में सबसे हल्के रंग की त्वचा आती है। इस स्किन टोन की महिलाओं को मेकअप करते समय हल्के और सॉफ्ट शेड्स का चयन करना चाहिए। आप फाउंडेशन में आइवरी या पोर्सलेन शेड्स चुनें। ब्लश में पीच या लाइट पिंक शेड लगाएं। आईशैडो में न्यूड ब्राउन रंग चुनें। लिपस्टिक में रोज पिंक, कोरल या बेबी पिंक शेड्स को चुनकर नाइट पार्टी में खूबसूरती के साथ रात का चांद बनकर उभरें।



### हल्के से मध्यम

टाइप-टू में हल्के से मध्यम रंग की त्वचा होती है। इस टोन की महिलाओं को फाउंडेशन के लिए बेज या लाइट न्यूट्रल शेड्स चुनने चाहिए। ब्लश में पीच या रोज टोन अच्छा रहता है। आईशैडो के लिए ब्राउन, मावे या गोल्डन शेड्स उपयुक्त हैं। लिपस्टिक में कोरल, रोज या म्यूटेड रेड शेड्स खूबसूरती निखारते हैं। त्वचा को धूप से बचाने के लिए एसपीएफ युक्त प्राइमर और फाउंडेशन सबसे अहम हैं।

### मध्यम

टाइप-थ्री में मध्यम रंग की त्वचा शामिल है। इस स्किन टोन की महिलाएं नाइट पार्टी के लिए वॉर्म अंडरटोन वाले फाउंडेशन, जैसे हनी या कारामेल शेड्स चुनें। ब्लश के लिए म्यूटेड पीच या डीप कोरल रंग अच्छे हैं। आईशैडो में ऑलिव टोन सुंदर दिखेंगे। आप मैरून या रोजवुड शेड्स की लिपस्टिक लगाकर लुक को कंप्लीट करें।

### मध्यम से गहरी

टाइप-फोर में मध्यम से थोड़ी अधिक गहरी त्वचा वाली महिलाओं को रखा गया है। ऐसी महिलाओं को मेकअप में गहरे और बोल्ड शेड्स चुनने चाहिए। फाउंडेशन में गहरे बेज या वॉर्म ब्राउन टोन, आईशैडो में गोल्डन, कॉपर/ डार्क ब्राउन शेड्स, ब्लश के लिए डीप रोज या बरगंडी रंग और अंत में डीप रेड शेड्स की लिपस्टिक से लुक को कंप्लीट करना चाहिए। आप सेटिंग स्प्रे से मेकअप को सेट जरूर करें।

### गहरा भूरा रंग

टाइप-फाइव गहरे भूरे रंग की त्वचा को दर्शाता है। ऐसी महिलाओं को पार्टी लुक के लिए डार्क और चमकदार शेड्स चुनने चाहिए। फाउंडेशन में ब्राउन या डीप कैरामेल शेड आपके लिए बेस्ट रहेंगे। आईशैडो लगाना चाहती हैं तो गोल्ड या डीप शेड्स से आंखों को आकर्षक लुक दें। ब्लश में आप मैरून या बेरी टोन को चुनें और लिपस्टिक में डीप रेड, वाइन या प्लम शेड्स आपके लुक को खास बना देंगे। टाइप-सिक्स में आती है सबसे गहरे रंग की त्वचा। आप पर बोल्ड और कंट्रास्ट लुक सबसे खूबसूरत दिखता है। नाइट पार्टी के लिए आप फाउंडेशन में डीप एंबर या कॉफी शेड्स चुनें। आईशैडो में गोल्डन, ब्रॉन्ज या गहरे रंग, जैसे पर्पल और ग्रेनी ब्लैक इस्तेमाल करें।